I have been appealing to hon. Members to be as short as possible. But I am afraid the appeal is not going any further in the direction of success. The programme for today will be as I now state to the House. Of course, I wish to give more time to Punjab where there are more controversies, some time to Bombay for special representations and then other provinces will come in. We should have about a couple of general speeches also. That is the programme. I need not mention the names but the speeches from probable States will be U.P., Andhra, Punjab, Bombay, Bihar, Bengal, Telangana, Himachal, Assam and perhaps some tribals. Hon. Members would therefore keep strictly within their time limit—that is fifteen minutes.

Shrimati A. Kale (Nagpur): Nobody from M.P.?

Mr. Speaker: No. They have spoken. Let there be no questions. If more questions are put and suggestions are made with respect to particular States, there will be less time. I have already said it yesterday. That means they should be excluded. I will call upon Shri Hem Raj now. (*Interruptions.*) The point is that if more time is taken now in making suggestions there will be less time for discussion. That is the programme for today. Every day I am taking stock as to who has spoken and how many have spoken. I can give an analysis to the hon. Members if they want but not at this time.

Shri Thanu Pillai (Tirunelveli): From Madras only one has spoken.

Mr. Speaker: It does not matter. I may repeat that it is not possible to give every hon. Member who wishes to speak a chance of speaking. There is this difficulty. Bearing that difficulty in mind, I said that any person

[Mr. Speaker]

who did not get a chance to speak will have an opportunity of submitting a memorandum and they should be satisfied with that. If I were to give a chance to every hon. Member who wishes to speak, I think this discussion must go on at least for a month more. Obviously, we cannot have that much time and it will undoubtedly be repetitions of the same thing. From the sources from which I have information including the various notes which hon. Members write to me, I am making a selection. It is possible that my selection may err in some respects and I can understand the urge of each hon. Member to speak something so that his constituency may feel assured that the hon. Member is discharging his duty in Parliament. But that object can be achieved even by putting in the memorandum. If it is admitted, I may say that hon. Members can publish that memorandum if admitted outside also as amended.

MOTION FOR ADJOURNMENT
SITUATION IN RATACHERA IN AGARTALA

The Deputy Minister of Home Affairs (Shri Datar): May I bring one point to your notice. A supplementary statement has to be made by me with regard to an adjournment motion. I am prepared to make it today or tomorrow as you wish.

Mr. Speaker: I am afraid it is better to make it today because tomorrow is the last day. Is it long?

Shri Datar: It is a fairly long statement—about six pages. I am prepared to place it on the Table of the House if you so direct.

An Hon. Member: He may place it on the Table.

Shri Kamath (Hoshangabad): No; it is about an adjournment motion.

Mr. Speaker: I think it should not be laid on the Table. Let the House know the facts: how far the hon. Member who gave notice of the motion is factually correct. Let me also hear what the hon. Minister has to say.

Shri Lakshmayya (Anantapur): Sir, I will take only one minute to make my humble submission.

Mr. Speaker: Order, order. No more submissions. I am not going to allow the hon. Member to say anything now. Now it will be taken as disobedience to the specific instructions of the Chair if he persists in that kind of thing.

Now, I call upon Shri Datar to make his statement.

Shri Datar: Sir, on December 2, 1955, when the adjurnment motion moved by my friends, Shri Dasaratha Deb and Shri Biren Dutt, was taken up for consideration by the House, I had occasion to make a brief statement of the facts as we were able to ascertain them. When the movers of the adjournment motion had made further statements. You, Sir, were pleased to direct that further enquiries be conducted into the specific allegations made and that I should make a full statement in respect of them. A very full and thorough enquiry has now been made by the authorities of the Tripura State and I am in a position to place before the House further details of the facts as we have been able to verify them.

I will refer again to the main facts of the incidents of October 22, 1955. An Assistant Sub-Inspector of Police of the Fatikroy Police Station with four Constables was detailed to arrest an accused person in connection with a burglary case. On the way, they accidentally met one Dhan Singh Tripura with a loaded unlicensed double barrel muzzle loading gun. The Assistant Sub-Inspector arrested Dhan Singh and seized the gun after observing all the necessary formalities. While being escorted to the Police Station, Dhan Singh raised a hue and cry at which a huge mob of Tripuras, both men and women, armed with deadly weapons, surrounded the police party and snatched away Dhan Singh from police custody. After forcibly taking away Dhan Singh from police custody, the mob led by Rakhal Singh and Taki Roy Deb Barma, chased the police party with a view to recover the un-

licensed gun and also to assault the police party. The mob which had by this time swelled to about 300 persons hotly chased the police along a distance of two miles from the place of occurrence. The police found it difficult to fight against such heavy odds and they felt embarassed as the womenfolk were in the forefront of the mob and therefore took shelter in three houses belonging to lawabiding persons. These houses were surrounded by the mob who demanded the surrender of the police personnel from the owners of the houses concerned. The officer-in-charge of the Fatikroy Police Station who was camping in an adjacent village, received information of this soon afterwards and rushed to the spot on elephant back. On the arrival of the Station Officer, the members of the police party came out of hiding. The mob apparently thought that the Station Officer had brought reinforcements with him and gradually dispersed. The police party then hurriedly retreated to the police station where two cases, one for rioting and assault and the other under the Indian Arms Act were registered.

The First Class Sub-Divisional Magistrate, Kailasahar, and the Sub-Divisional Police Officer visited the spot on October 27. They sent urgent radiograms to the Superintendent of Police urging the necessity of opening police camps in the areas to afford protection to the law-abiding persons who had assisted the police and also to help in arresting the accused persons who had gone underground. The two officers particularly stressed that the local public had become very panicky and pointed out that two of the persons who had given assistance to the police, namely Balaram Tripura and Sukul Chandra Tripura, had already been kidnapped by the anti-social elements. A police camp was accordingly set up in village Emrapassa on November 1, 1955. When the Sub-Divisional Magistrate, Kailasahar and the Sub-Divisional Police Officer visited the place of occurrence on October 27, no complaint whatever was lodged before them either of arson or of ill treatment of women.

On the morning of November 20, the officer-in-charge of the camp police station was informed by some local inhabitants that a few mischievous people among the anti-social elements had set fire to some dilapidated and abandoned huts with some special motive. The Police Officer in charge hastened to the spot accompanied by some villagers and found the information correct. He immediately sent a radiogram to the Superintendent of Police informing him of this and adding that the anti-social elements had set fire to abandoned huts with a view to make out a case for the removal of the police camp from the area. This was followed by a telegram sent from Kailasahar by one Gokul Singh, to the Chief Commissioner stating that the houses of the villagers had been burnt in Ratachern area by the police and that money, rice, jute, hens, etc., were looted by the police and women tortured. The same telegram was repeated by Shri Gokul Singh to the Home Minister and to Shri Dasaratha Deb Barman.

Following the discussion on this adjournment motion on December 2, and in pursuance of the desire expressed by the Speaker that further enquiries be made in the matter, the Sub-Divisional Magistrate, Kailasahar who is a magistrate of the 1st class and the Circle Inspector of Police, Kailasahar, on December 8, visited the villages reported to have been affected by the alleged police excesses and made further enquiries into the allegations. The Superintendent of Police, an officer of the Bengal Police on deputation and who is the Chief Police Officer of the State, also visited the place of occurrence on December 11, 1955. Throughout his enquiries, the Superientendent of Police was accompanied by Shri Gokul Singh, who was the originator of the telegram referred to above.

Shri Gokul Singh admitted that the telegram sent by him was based on pure hearsay and that at the time of the alleged occurrence, he was at Kailasahar. He also admitted that he

[Shri Datar]

does not know English and that the telegram was drafted on his behalf by Shri Baidyanath Mazumdar of Kailasahar. Shri Gokul Singh stated before the Superintendent of Police that he had no information whatsoever of rape or molestation of women nor was he aware that any such allegation was contained in the telegram sent from Kailasahar in his name. He said that the information received by him was that while searching for accused persons the police had taken away money, rice, jute, hens, etc., from the houses of the accused persons. He again made it clear that he had no personal knowledge even in respect of these allegations as he visited the village of Emrapassa for the first time only on December 8, 1955, with the Sub-Divisional Magistrate and the Sub-Divisional Police Officer.

During the enquiry, Shri Gokul Singh was given a full opportunity to produce as many witnesses as he could to support the various allegations made. He produced four women from Raikrishnapara, three women from Bilatmonipara and one from Harimohanpara. All these women were examined separately in the presence of Shri Gokul Singh completely segregated from the local police with a view to remove any suggestion of fear, intimidation or improper influence. They all categorically denied the allegations of rape and molestation. Some of them, however, alleged that some articles in cash or in kind were taken away by the police from their houses. On further questioning, they contradicted their previous statements and failed to substantiate their allegations. The teacher of the local school, Jnanendra Bhattacharjee and two students were also examined. The school is situated in the centre of the places of the alleged occurrences. The teacher and the students are residents of the houses visited by the police during search. They said they saw that after the search the police party passed by the side of the school but they were not carrying anything away from the houses of the accused persons nor did they in the village hear any complaint from any quarter about pilfering or molestation of women.

Two women, Basanti and Suryakanya, alleged that they had received hurt on their wrists. An enquiry established that these bruises were received by them during their scuffle with the police in rescuing Dhan Singh. These women made no complaint of rape or molestation. They were examined by a medical officer and the examination proved that they had not undergone any ill treatment.

The enquiry has also established that when the Police were conducting their searches, they were always accompanied by local persons of good reputation. The women produced by Shri Gokul Singh also confirmed that the police party was always accompanied by members of the public when they came to search the houses. Other villagers also confirmed that the police party after the search did not take away any articles from any of the houses. As to the reports of arson, three small huts were found to have been gutted. These were dilapidated and abandoned huts. Several witnesses attested to the fact that the fire in the huts was seen long after the departure of the police from the place of occurrance. Well-constructed huts quite adjacent to these burnt down huts were completely intact.

The State Government, after careful enquiry, have come to the following conclusions:—

(a) Neither Shri Gokul Singh nor anybody else made any allegation of rape. The women alleged to have been raped categorically denied having made any such complaint to anybody. The medical report disappoves these allegations.

(b) It is established that the police party did not take away the belongings of the accused persons during the search of their houses.

(c) The allegation of arson by the police is baseless.

(d) The statement made by Shri Dasaratha Deb on December 2 in the House that on the representation made by two ladies who were raped, the Superintendent of Police suspended two police officers is incorrect. No such representation was received by the Superintendent of Police nor did he suspend any police officer in this connection. On the other hand, the Superintendent of Police has announced the grant of a reward to the Station Officer of the Fatikroy Police Station.

(e) The statement made by Shri Dasaratha Deb on December 2 that four women from Demdumcherra village made complaints to local authorities and that as a consequence two policemen were punished is unfounded.

(f) Some people in the area have set up this agitation and made these false allegations mainly with a view to get the police camp at Emrapassa withdrawn by the State Government. It is not possible to close down the police camp without danger to the security of the law-abiding local people. As already stated, two of these persons who helped the police, have been kidnapped by anti-social elements and the other people have a reasonable apprehension that they will be subjected to ill-treatment if the police camp were to be withdrawn.

(g) It was stated on December 2 by Shri Dasaratha Deb in the House that the news about the alleged incidents in Ratacherra were published in the Calcutta Daily *Swadhinate*. This is a party paper, and is the only paper which published news of the alleged incidents.

Shri Dasaratha Deb (Tripura East): I rise to a point of order.

Mr. Speaker: No point of order now. I have heard the statement carefully. The enquiry appears to me to have been not merely an enquiry by the police but by a magistrate. That means in some sense a judicial enquiry. I was myself very particular to have as fair and truthful an enquiry as possible especially because of the ellegations of molestation of women, as stated in the House. The way in which the women have been examined is also set out in detail in that statement. The statements were taken not in the presence of the police but the police was kept out and the statements were taken separately from each other, so that no women would fight shy of stating anything if she really had to say anything. Now, in view of this statement and enquiry, I do not think there is any ground at all for me to give consent to the adjournment motion. There is nothing to discuss. The facts are already before the House now and, therefore, I do not give my consent to it, and we proceed to the next business.

Shri Dasaratha Deb: My submission is......

Mr. Speaker: There is nothing more to be done. The hon. Member will resume his seat. It is not the function of the Chair now to decide upon the facts.

Shri Dasaratha Deb: Not the facts; the statement which I made is....

Mr. Speaker: Order, order. He made his statement. I gave him an opportunity of making it. I requested him to go and help the Ministry with statements and facts as he liked. Whether that was done or not, I do not know.

Shri Datar: It was done.

Shri Dasaratha Deb: That was not the point.

Mr. Speaker: That is not the way of going on with the business in the House.

Shri Dasartha Deb: *rose*—

Mr. Speaker: Order, order. The very person who was the informant of the hon. Member was present all through the enquiry.

Shri Dasaratha Deb: In another place.

Mr. Speaker: Order, order. In another place or not, we are not concerned with it now. I am concerned only with the statement made by the hon. Member as a ground for the adjournment motion.

Shri Dasaratha Deb: The statement was.....

Mr. Speaker: No talks like that. To my mind, the position is very clear and whatever it be, I am not going to sit further in judgment upon the facts. Whether the hon. Member accepts the position or not, I accept the statement which is made after a judicial or semi-judicial enquiry in the matter, on the spot, keeping the informant of the hon. Member present all through the enquiry. I do not think any further proof is necessary to accept *prima facie* the truthfulness of the account stated. On the facts stated, I am quite clear that I cannot give my consent to the adjournment motion.

Shri Kamath: Magisterial enquiry.

Mr. Speaker: The magistrate is different from police. The hon. Member himself was a magistrate for some time. The magistrate is connected with the police no doubt. That way, even a judge is connected, even a Minister is connected and hon. Members also are connected with the police. Whatever it may be, I am not quite sure whether the hon. Member has heard the whole statement.

Shri Kamath: I have heard it as carefully as you have.

Mr. Speaker: If he has carefully heard it, probably it is not necessary for me to say anything more. I do not say anything more. We proceed to the next business.

MOTION *RE*. REPORT OF THE STATES REORGANISATION COMMISSION

Shri Lakshmayya (Anantapur): I would be failing in my duty if I do not answer the points raised by my hon. friends from Karnataka in regard to specific issues over the Tungabhadra project, the high-level canal and Bellary. I request you to give me chance.

Mr. Speaker: The hon. Member is taking the opportunity of making out his points in the form of a point of order. That is very wrong; that is very irregular. The debate cannot proceed if merely because one hon. Member has said anything, the other hon. Member immediately wants to reply. It will be an endless business and if the debate is to be carried on in that manner, logically, I do not see any reason why hon. Members who have already spoken should not be given a chance again of speaking on some points raised after they have spoken. There is no end to that. Members must remember that the subject of the debate is not one remark of an hon. Member. That is not the subject of the debate. It is only the principles of reorganisation, a general picture of reorganisation, the advantages and disadvantages of a particular proposal of the S.R.C. These are the broad points on which the discussion is sought,—more with a view to discuss....

Shri Lakshmayya: With a view to..

Mr. Speaker: Order, order. I shall have to ask him to leave the House if he gets up in the middle. He has been doing that persistently. If he does so, I should ask him to leave the House; I should be sorry, but then I shall have to do it. Even in interruption in debates, we must observe some parliamentary decorum, some kind of procedure. The point that he raises is not the way of discussion. The discussion should be confined to the main points of the subject under consideration. Even if a Member makes some remarks, casually, here or there, there is no reason why another Member should be called upon by the Chair to reply to it. I have again and again explained it. It is impossible to call upon all Members, but if the hon. Member has a grievance about it, and thinks that he must reply, he has got the remedy of making a statement and filing it. As I said, he can publish it

also provided it is admitted and then he can publish it as amended, and not in a way that he has liked it to write. I am trying every day to sit at least for a couple of hours, breaking my head over this thing. I am not interested in this Member or that Member speaking. I have no interest in any particular Member. I am equally interested in all and I am interested in seeing that all points of view are placed before the House. That is the position of the person in the Chair. He may commit mistakes; after all, he is a human being. But there need not be this kind of remark and suggestion as the hon. Member put forward. Let us not take the time of the House unnecessarily, especially when we have very little time at our disposal.

I was about to call upon Shri Hem Raj to speak. Now, he will be allowed to go on, without any disturbance.

The House will now proceed with the further consideration of the motion regarding S.R.C. Report.

Yesterday, Shri Hem Raj was on his legs. Now the hon. Member may continue his speech.

श्री हेम राज (कांगड़ा) : अध्यक्ष महोदय, कल में माननीय सदन के सामने पंजाबी भाषा के सम्बन्ध में बतला रहा था कि किस तरह से इस पंजाबी भाषा के प्रश्न ने पंजाब के वायुमंडल को विषम बना दिया है । मैं सदन के सम्मुख दो प्वाइंट्स आज और रखना चाहता हूं ।

पहला तो यह कि अकाली दल की जो तजवीज है और जो उनकी तरफ़ से कहा गया है कि जिले कांगड़े को पंजाब से बाहर कर के किसी इलाक़े में मिला दिया जाय, उसके सम्बन्ध में मैं कुछ अर्ज करना चाहता हूं । श्री बहादुर सिंह ने यह कहा कि डोगरा लोगों की भाषा, कल्चर और रीति रिवाज पंजाब की भाषा और कल्चर से मिलती नहीं हैं । मैं समझता हूं कि उन्होंने हिस्ट्री का अच्छी तरह से मुताला नहीं किया। अगर वह हिस्ट्री का मुताला करते तो गालिबन यह बात नहीं कहते । मैं अर्ज कर रहा था कि जिस भाषा और जिस लिपि के लिए आज वह इतने जोश से बोल रहे हैं और मैं चाहता हूं कि वह लिपि पंजाब में हरदिलअजीज बने, उस लिपि की अगर हिस्ट्री को वह देखें तो उन को पता चल जायगा कि उन की जो लिपि है उसका दरअसल आगाज और शुरुआत कहां से हुई ? हिस्ट्री इस बात को साबित करती है कि वह लिपि टांकरी से निकली है । ग्रियरसन की रिपोर्ट में लिखा हुआ है कि जिला कांगड़ा इलाक़े की जो डोगरी भाषा है, यह पंजाबी की एक शाख है । भाई जोध सिंह जो कि पंजाब कौंसिल के मेम्बर हैं और बड़े क़ाबिल आदमी हैं उन्होंने प्रिंसिपल बहादुर मल के लेख के जवाब में एक लेख लिखा है और उस में वह इस प्रकार कहते हैं :

> "May I inform my friend that there is a script called Takri or Thakri used in Kangra hills and old inscriptions in that district. Gurmukhi and Thakri have 15 letters common, 5 resemble each other, 6 have some resemblance and eight are different in both."

[SHRI BARMAN *in the Chair*]

मैं यह अर्ज कर रहा था कि उन्होंने भी यही लिखा है कि गुरुमुखी स्क्रिप्ट दरअसल टहांकरी से निकली है। इस के अलावा मैं आपको बतलाऊं कि श्री एम० एस० रंधावा ने जो किताब "कांगड़ा स्कूल आफ़ पेंटिंग" लिखी है उसकी दुनिया के हर एक कोने में धाक बैठ गई है और कांगड़ा पेंटिंग के मुताल्लिक़ उसमें, उन्होंने लिखा है कि कौन सा ऐसा पंजाबी भाई है जो कांगड़ा स्कूल आफ़ पेंटिंग्स पर फ़ख्र नहीं करता । तो मैं आपसे अर्ज कर रहा था कि हमारा पंजाब के साथ जो रिश्ता है वह आज का नहीं बल्कि सदियों पुराना है । और हम हमेशा पंजाब का एक

[श्री हेम राज]

हिसा रहे है। सरदार हुकम सिंह ने यह दलील दी थी कि चूंकि वहां के डिस्ट्रिक्ट बोर्ड ने इस तरह का प्रस्ताव पास किया है कि कांगड़ा पंजाब में नहीं रहना चाहता इसलिए इसको हिमाचल प्रदेश में जाने दिया जाय और इसको पंजाब में न रहने दिया जाय, मैं ने उस वक्त उनको टोका था और कहा था कि मैंने कांगड़ा डिस्ट्रिक्ट बोर्ड को लिखा है कि उनका क्या कहना है और उन्होंने चिट्ठी भेज कर बतलाया है कि उनका कोई प्रस्ताव इस क़िस्म का नहीं है जिसमें उन्होंने यह पास किया हो कि कांगड़ा पंजाब में नहीं रहना चाहता। इसके अलावा अगर पबलिक ओपीनियन को ही देखना है तो मैं आपको बतलाऊं कि पंजाब विधान सभा के कांगड़ा ज़िले के ९ मेम्बरों में से ७ ने विधान सभा में इस अम्र की तक़रीर की हैं कि हम पंजाब का हिस्सा हैं और हम पंजाब में ही बना रहना चाहते हैं। इसके साथ ही जितनी हमारी डिस्ट्रिक्ट में कांग्रेस कमेटीज हैं, म्युनिसपल कमेटीज हैं, उनके रेजोलेशन्ज मेरे पास पड़े हैं कि हम पंजाब का हिस्सा हैं और हम पंजाब के ही साथ रहेंगे। मैं यह अर्ज़ कर रहा था कि आज पंजाबी भाषा और लिपि के सवाल को लेकर जिस तरह पर उनका आन्दोलन चल रहा है, उसने पंजाब के वातावरण को विषम बना दिया है और उसने साम्प्रदायिकता का रुख अख्तियार किया है। इसी तरह से यह जो कांगड़ा का सवाल है इसको भी फ़िरके-वाराना तौर पर सोचा जा रहा है।

कांगड़ा एक तो पहाड़ी इलाक़ा है और दूसरे हमारे इलाक़े वालों ने सन् १८४८ और १८५७ में अंग्रेजों के खिलाफ़ बगावत की और जिसके स्वरूप हम ग्रेज शासकों के कोपभाजन बने ' सका नतीजा में वह मिला कि उन्होंने हमारे पहाड़ी इलाक़े को हमेशा नेगलेक्टेड रखा और उसकी तरफ़ कतई ध्यान नहीं दिया और वहा बैकवर्ड और नेगलेक्टेड इलाक़ा बन कर रह गया और मैं आपको बतलाऊं कि जब यह मामला पंजाब विधान सभा के सामने लाया गया और हमारे कांगड़े ज़िले के जो असेम्बली के मेम्बरान थे वह एक प्रस्ताव लाये और वहां पर हमारे अकाली भाई थे, गांधी जनता पार्टी के लोग थे, कांग्रेस के लोग थे और कम्युनिस्ट भाई भी थे और उन्होंने मुत्तफ़िक़ा तौर पर एक प्रस्ताव पास किया जो कि इस प्रकार है :

"In view of the extreme backwardness of the people of Kangra District, Tehsil Una of Hoshiarpur District, Bhiwani Tehsil of Hissar District, Naraingarh Tehsil and other sub-mountaneous and backward parts of Ambala District, Jhajjar Tehsil of Rohtak District, Rewari Tehsil and undeveloped parts of Gurgaon District, Kaithal Tehsil of Karnal District, Bet area in thana Kanuan, Tehsil and District Gurdaspur and Shahpur Kandi, Gurdaspur District, in matters of education, of the lack of adequate drinking water facilities and of suitable means of transport and communications, of proper means of irrigation, of lack of any kind of industry and of their inadequate representation in Government services, this Assembly recommends to the Government that it should itself make funds available, and if necessary approach the Union Government for the purpose, for a proper and planned development of the said areas and it further recommends that special concessions be granted to the people of these areas in the matters of admission to all Government or Government-aided institutions and of appointments to services."

मैं यह अर्ज़ कर रहा था कि इस बात को पंजाब की विधान सभा ने भी माना है कि यह इलाक़ा जो है यह माउंटेनस होने की

वजह से नेगलेक्टेड रहा और बैकवर्ड है। और इसके अलावा एस० आर० सी० कमिशन के क़ाबिल मेम्बरान ने जहां और बहुत सारी तजवीज़ें की हैं वहां पर इस बात का खास तौर पर ध्यान रक्खा है कि जो रीजन्स अनडेवलप्ड हैं और नेगलेक्टेड रहे हैं, उनके लिए खास तौर पर डेवलपमेंट कौंसिल और स्पेशल ग्रान्ट्स देने की सिफ़ारिश की है। कमिशन ने हमारे पहाड़ी इलाक़ों के डेवलपमेंट के लिए काफ़ी दिलचस्पी दिखलाई है और मैं इस सदन के सामने अपनी आवाज़ उसके साथ जोड़ना चाहता हूं कि यह जो बैकवर्ड, अन-डेवलप्ड और नेगलेक्टेड इलाक़े हैं उनके लिए स्पेशल डेवलपमेंट कौंसिल बननी चाहिये और स्पेशल ग्रान्ट्स मिलनी चाहियें।

इसके बाद में एक दो प्वाइंट्स आपके सामने और रखना चाहता हूं। यह ठीक है कि मैं एस० आर० सी० की जो मेजारिटी रिपोर्ट है उसको सपोर्ट करता हूं जिसमें हिमाचल प्रदेश और पंजाब को मिलाने की सिफ़ारिश की गई है। हमारे बहुत से हिमाचल प्रदेश के भाई इस खयाल में पड़े हुए हैं कि हमें अलहदा रह कर फायदा है। मैं उनके सामने एक अपील करना चाहता हूं और मैं समझता हूं कि मुझे उसका हक़ भी हासिल है क्योंमैं भी तो एक पहाड़ी ही इलाक़े से आता हूं और हमारे हिमाचल प्रदेश के भाई भी पहाड़ी इलाक़े से आते हैं। उनको मैं बतलाऊं कि श्री फ़ज़ल अली ने, जो कमिशन के एक मेम्बर हैं, उनकी माइनारिटी रिपोर्ट है जिसने उन्होंने यह लिखा है कि अगर यह पहाड़ी इलाके के लोग मैदानी इलाके वाले लोगों में मिला दिये जायेंगे, तो ग़ालिबन् उनकी वहां पर कोई आवाज नहीं सुनी जायगी। लेकिन मैं निजी तौर पर अपने उन भाइयों से पूछता हूं कि आखिर हम सदियों से पंजाब में रहते आये हैं, वहां तो कोई हमको हड़प नहीं कर सका तो फिर आप इस तरह की डर क्यों अपने दिल में रख रहे हैं। कमिशन ने जो रिपोर्ट दी है उसमें यह लिखा है कि आपका वहां पर एक मिनिस्टर होगा और आपके लिए स्पेशल डेवलपमेंट कौंसिल होगी और स्पेशल ग्रान्ट्स दी जायेंगी। तो मैं आपसे कहता हूं कि जब आपके पास एक असेम्बली होगी और उसमें आप जितने भी अपने मसले हैं, तक़लीफें हैं उनको रख सकते हैं और गवर्नमेंट की तवज्जह उन पर दिला सकते हैं। लेकिन अगर आप सेंट्रली ऐडमिनिस्टर्ड एरिया में चले जायेंगे तो वहां आपको असेम्बली की सुविधा तो उपलब्ध होगी नहीं; और पंजाब असेम्बली में आपकी आवाज़ कमज़ोर होगी यह भी नहीं। मैं तो उनको यह कहना चाहता हूं कि उनकी आवाज़ वहां पर और ज्यादा प्रबल और मज़बूत होगी।

उस की वजह यह है कि आप लोग अपने को सिर्फ दस लाख गिनते हैं और सोचते हैं कि आप की आवाज़ कम होगी। लेकिन मैं कहता हूं कि जिस वक्त वह पंजाब में आयेंगे उस वक्त वहां उन को पंजाब और पेप्सू के १५ लाख आदमियों की आवाज़ और मिल जायेगी जो लोग कि उन के पीछे होंगे और उन की आवाज़ दस लाख की न हो कर २५ लाख की हो जायेगी। ऐसी हालत में मैं नहीं जानता कि क्या वजह है कि वह घबराते हैं। यही नहीं, मैं तो यह भी कहता हूं कि जो उन की सर्विसेज़ होंगी, गवनमेन्ट सर्वेन्ट्स होंगे उन को भी पंजाब में रक्खा जायेगा। उन की जो फाइव इयर प्लैन है वह सारी की सारी ज्यों की त्यों रहेगी और जैसा कि गवर्नमेन्ट ने ऐश्योरेन्स भी दिया है वह सारी की सारी अमल में लाई जायेंगी। इस के अलावा उन को स्पेशल ग्रान्ट्स भी मिलेंगी। इन सब बातों को देखते हुए मैं नहीं समझ पाता कि वह किस लिये इस बात पर अड़े हुए हैं कि वह पंजाब से अलहदा रहें। उन के अलावा और भी जो पहाड़ी इलाक़े हैं वह भी उन की आवाज़ के साथ अपनी आवाज़ मिलाने को तैयार हैं।

[श्री हेम राज]

इस के अलावा मैं यह कहना चाहता हूं कि हमारे भाई श्री टेक चन्द जी ने इस रिपोर्ट पर बोलते हुए हम पहाड़ वालों के लिये कुछ ऐसे अल्फाज़ इस्तेमाल किये जिन से हम को आघात पहुंचा । मैं उन से अर्ज़ करना चाहता हूं कि किसी के ज़खम पर अगर नमक छिड़का जाय तो वह ज़खम भर नहीं सकता । हम पहाड़ वालों के दिल में भी कई ज़खम हैं अगर आप उन पर नमक छिड़केंगे तो वह और भी खराब होंगे । अगर आप हमारे ज़खमों को भरना चाहते हैं तो लाज़िमी तौर से वह प्रेम से और मुहब्बत से ही भर सकते हैं ।

इन शब्दों के साथ मैं एस० आर० सी० की मैजारिटी रिपोर्ट का स्वागत करता हूं और उस को सपोर्ट करता हूं ।

श्री टंडन (ज़िला इलाहाबाद पश्चिम) : सभापति महोदय, इस विषय पर मैं ने भी कुछ विचार किया है कि हमारे राज्यों का पुर्नसंगठन किस प्रकार हो । विचार करने में कठिनाई यह होती है कि जो बात दलील और तर्क की दृष्टि से उचित दिखाई पड़ती है वह बहुत से भाइयों को अच्छी नहीं लगती । जैसा कि कल हमारे प्रधान मंत्री ने कहा, ऐसी स्थिति में बड़ी बात यह है कि हम केवल तर्क को ही नहीं बल्कि पारस्परिक मेल और प्रेम का सहारा लें । लेकिन इस पर भी कहीं कहीं पर प्रदेशों के ऊपर कुछ दबाव आवश्यक हो जाता है ।

Mr. Chairman: I would request the hon. Members not to come and disturb the Chair while it is watching the proceedings. If any Member wants any information, I am of course prepared to give it.

श्री टंडन : हम सबों की ही इच्छा है कि यह सारा प्रश्न प्रेम के साथ हल हो और आपस में कम से कम खींचातानी हो, न हो तो बहुत ही सुन्दर है । हम सब एक देश के वासी हैं । हम ने बार बार यह घोषणा की है कि हमारी एक संस्कृति है, भारतीय संस्कृति । यह सच है कि इस एक संस्कृति में कई अलग अलग रंग हैं, परन्तु सब मिल कर हमारे देश की एक सुन्दर संस्कृति है । हमारा यह देश भारत प्राचीन काल से चला आ रहा है इस लिये इस में भाषा के आधार पर जितनी कम खींचातानी हम करें उतना ही अच्छा है । यह तो हम सभी जानते हैं कि भाषा स्थानीय संस्कृति का एक अंग होती है । इस से हमारे काम में और दैनिक व्यवहार में सुविधा होती है । यही कारण है कि पुरानी कांग्रेस ने भाषा-वार प्रदेशों की बात कही थी । हमें भूलना नहीं चाहिये कि उस समय हमारे सामने अंगरेज़ों से संघर्ष करने का मुख्य प्रश्न था, किस रीति से हम उस संघर्ष को तीव्र कर सकते हैं, आगे बढ़ा सकते हैं, यह हमारा ध्येय था । उस समय हमारे पास अधिकार नहीं था । इस लिये कुछ मोटी रीति से हम ने प्रदेशीय कांग्रेस कमेटियों को भाषा के आधार पर बनाया । लेकिन साथ ही मेरा यह निवेदन है कि यह आवश्यक नहीं है कि अधिकार का प्रयोग करने में भी हम उसी प्रकार से उन प्रदेशों को पकड़े रहें । इस में बहुत सी कठिनाइयां होती हैं । वैसे मैं स्वयम् भाषावार प्रदेशों के बनाने का हामी रहा हूं । हमारे कर्नाटक के भाई जानते हैं कि जब मैं ने वहां, कांग्रेस का अध्यक्ष होने के नाते दौरा किया तो मैं ने उन की इस मांग का पक्ष किया था कि कर्नाटक एक राज्य बने । मैं अपने भाई आन्ध्रों की भी इस मांग का पक्षपाती था कि एक राज्य ऐसा हो जहां पर तैलगू भाषाभाषी हों । इस लिये नहीं कि मैं मद्रास का विच्छेद देखना चाहता था या वह विच्छेद मुझ को अच्छा लगता था । सुन्दर तो यही था कि कुल मद्रास एक बड़ा प्रदेश रहता, परन्तु मैं अपने वर्षों के अनुभव से यह सकता था कि वहां एकता चल नहीं रही है ।

तैलगू और तामिलों के आपसी सम्बन्धों को देख कर यही उचित लगा कि तैलगूभाषियों के लिये एक प्रदेश अलग कर दिया जाय । लाचारी कभी कभी हम को बाधित करती रही है, मजबूर करती रही है कि हम भाषावार प्रदेश बनायें परन्तु, जैसा कल प्रधान मंत्री जी ने कहा, एक राज्य एक भाषा का सिद्धान्त सदा स्वीकार्य नहीं हो सकता । उस के कुछ अपवाद भी होत हैं । जहां ऐतिहासिक क्रम इस प्रकार का बना है कि प्रदेशों में कई भाषायें साथ साथ चली हैं, उन को सहसा अलग नहीं किया जा सकता ।

कल हमारे प्रधान मंत्री ने दो तीन बातें कहीं जिन पर मेरा विशेष ध्यान गया । एक तो उन्होंने यह कहा कि एक राज्य एक भाषा का सिद्धान्त सदा नहीं चल सकता । दूसरी बात उन्होंने यह कही कि वह स्वयम् इसे पसन्द करते हैं एक राज्य में कई भाषायें हों । उन्होंने बाईलिंग्वल और ट्राईलिंग्वल की बात की अर्थात् यह कि अगर एक राज्य में कई भाषायें हों तो उन को पसन्द होगा । मैं इतना ही कहूंगा कि इस में कोई बहुत पसन्द करने की बात तो नहीं है, परन्तु यदि हो तो उसे प्रेम के साथ स्वीकार करना चाहिये । सुविधा तो इसी में है कि जहां तक हो सके एक भाषा का राज्य बने, लेकिन अगर दो या तीन भाषाओं का बनता है तो इस में कोई ऐसी बड़ी कठिनाई तो नहीं है । उनकी इस बात से मैं बिल्कुल सहमत हूं कि हम दो या तीन भाषायें सीखें जब कि अंग्रेजी हमारे सिर से हट रही है, यह बहुत आसान बात है । हमारे देश की भाषायें को इतनी समीप हैं, इतनी मिली हुई हैं कि उन को सीखने में कोई कठिनाई नहीं होगी मैं तो इसे कोई कठिन समस्या नहीं मानता हूं । उन्होंने कल उर्दू भाषा की चर्चा की थी । मैं उन से बिल्कुल सहमत हूं कि उर्दू भाषा भी हमारे देश की ही भाषा है और यह किसी दूसरे देश में नहीं बनी है । मैं ने सदा एक हिन्दी के कार्यकर्ता के नाते यह निवेदन किया है कि उर्दू हिन्दी का ही एक रूपान्तर है । हिन्दी भाषा में ही एक समय आया—एक ऐतिहासिक समय—जब कि फार्सी और अर्बी के शब्द मिलाये गए और एक भाषा बनी, प्राय: वह दिल्ली के बाजारों में बनी, पर वह फैल गई । इस में कोई सन्देह नहीं है कि यह हमारे देश की ही एक भाषा है । परन्तु उस की जो लिपि है, साधारण रीति से लिखने की, उस को हम यह नहीं कह सकते कि वह हमारे देश की है । इस लिपि की कठिनाई कहीं कहीं पर आ जाती है । मैं ने तो उस लिपि को पढ़ा है और मैं मानता हूं कि उस लिपि में कुछ सुविधा है । परन्तु उस लिपि को प्रयोग में लाने से पहले हमें यह देखना पड़ेगा कि जो दूसरे लोग हैं उन को इस से क्या सुविधायें होंगी और क्या असुविधायें होंगी । अस्तु यह प्रश्न इस समय हमारे सामने व्यावहारिक रीति से नहीं है । काश्मीर में उर्दू लिपि है बहुत अच्छी तरह से यह वहां पर चल रही है वहां पर किसी को आपत्ति नहीं है, वहां के हमारे भाई इसे चाहते हैं, इस में किसी को ऐतराज नहीं है । हमारे यहां उत्तर प्रदेश में या दिल्ली में जो भी इस लिपि को पढ़ना चाहते हैं और इस लिपि को पढ़ने लिखने में प्रयोग करना चाहते हैं, उन को अवश्य ही सुविधायें दी जानी चाहियें, मैं इस का पक्षपाती

, अगर काम करने में, अदालतों में और कचहरियों में और व्यवहार में, इस लिपि का प्रयोग करने का प्रश्न आता है तब तो हमें दूसरों की सुविधाओं की ओर, जनता की सुविधाओं की ओर भी देखना पड़ेगा और इस पर भी विचार करना पड़ेगा कि उन को कहां तक कठिनाई पड़ती है । मैं इस का पक्षपाती हूं कि उर्दू में अगर कोई भाई अपनी दरख्वास्त देता है तो वह ले ली जाये परन्तु जब कार्यालयों और दफ्तरों में उर्दू चलाने की बात आयेगी तो अवश्य ही कठिनाई

[श्री टंडन]

पड़ेगी । जो देखने की बात है वह यह कि इसको व्यवहार में लाने से क्या क्या सुविधायें होंगी और क्या क्या असुविधायें होंगी । इस वास्ते हमें उसी बात को स्वीकार करना पड़ेगा जिस में अधिक से अधिक सुविधा हो ।

हमारे उत्तर प्रदेश के प्रश्न को भी यहां पर दो एक भाइयों ने उठाया है । हमारे लंका सुन्दरम् साहब ने जब भाषण दिया, उस समय मैं यहां पर मौजूद था । उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश को इसी तरह बनाये रखने से जो दक्षिण का संतुलन है जिस को उन्होंने अंग्रेजी में 'बैलेंस' कहा, वह बिगड जायगा । हमारे एक बने रहने के विरुद्ध उन्होंने जो दलील दी उस को मैं ने समझने का यत्न किया लेकिन मैं बिल्कुल भी समझ नहीं पाया । हमारे उत्तर प्रदेश के दो या तीन टुकड़े हो जाने से दक्षिण वालों के तोल में क्या अन्तर पड़ेगा यह बात स्पष्ट नहीं हुई । मैं तो यह समझता हूं कि सिवाय इस के कि वह यह कहें कि चूंकि हमारा एक छोटा सा प्रदेश है इस वास्ते आप का भी एक छोटा सा प्रदेश हो जाय, और कोई बात नहीं है । यह तो कुछ दलील की बात नहीं हुई और न ही कोई सहृदयता की बात हुई । इस का तो मतलब यही हुआ कि आप को यह पसन्द है कि उत्तर वालों के प्रदेश को भी आप उतना ही छोटा प्रदेश देखें जितना कि आप का अपना है या आप अपने पड़ोसियों का देखते हैं । मैं तो इस बात का पक्षपाती हूं कि प्रदेश, जहां तक हो सके, बड़े बनें ।

कल प्रधान मंत्री जी ने पांच या छः जोन की बात कही थी । उन्होंने कुछ स्पष्ट नहीं कहा कि इसका अर्थ क्या है । मैं आज इस समय इसके बारे में कुछ नहीं कह सकता हूं । उन्होंने आर्थिक पहलू की बात भी की कि वह समान होनी चाहिये । क्या इन जोनों का रूप आवेगा, यह मैं नहीं कह सकता । साथ ही साथ उन्होंने यह भी कहा कि राज्य ज्यों के त्यों रहेंगे । राज्य ज्यों के त्यों रहेंगे और जोन भी उन के साथ बनें, यह कैसे होगा, क्या क्या इस में संघर्ष होंगे, इस की सारी तस्वीर मेरे सामने नहीं है । मेरा अपना अनुमान है कि यह बात अभी व्यावहारिक नहीं है । परन्तु जो उन्होंने कहा कि कई भाषा भाषियों को मिला कर भी प्रान्त बनें, मैं इस के पक्ष में हूं । उन्होंने जो यह कहा कि देश भर के पांच छः टुकड़े हो सकते हैं, यह मुझे व्यावहारिक दिखाई नहीं पड़ता । यदि ऐसा उन का मत था तो यह जो पुर्नसंगठन आयोग बना, इस को बनाने की ही आवश्यकता नहीं थी । भाषावार प्रदेश बनाने की सभावनाओं को देखना इस कमिशन का एक मुख्य उद्देश्य था, यह सही है । इस के साथ ही साथ उन्होंने जो दूसरी बातों का ध्यान रखा वह भी आवश्यक ही था । अपनी रिपोर्ट में उन्होंने कहा है कि उन्होंने केवल भाषा पर ही बल नहीं दिया बल्कि और बातों पर भी बल दिया है । इस को मैं उचित मानता हूं ।

अब यह कहना कि उत्तर प्रदेश का विभाजन हो और इस बात की इच्छा रखना मैं तो इस को कुछ बहुत न्याययुक्त नहीं समझता । यदि हमारे यहां के भाई स्वयं उत्तर प्रदेश से अलग रहना चाहें, उस के टुकड़े करना चाहें, तो ठीक है, इस में मुझे कोई आपत्ति नहीं है । अगर हमारे पश्चिम के भाई चाहते हैं कि आगरा, मेरठ इत्यादि को मिला कर उनका भी एक राज्य बना दिया जाए, तो वह बना लें, मैं आपत्ति नहीं करता । लेकिन यदि उत्तर प्रदेश में ऐसी कोई मांग न हो और दूसरे लोग यह इच्छा करें, यह सोचें कि उत्तर प्रदेश का विभाजन हो, तो यह तो मुझे एक अजीब सी बात लगती है । भाषावार राज्यों के हमारे भाई डा० लंका सुन्दरम् बड़े पक्षपाती थे और चाहते थे कि

एक विशाल आन्ध्र बने, इस लिए कि तैलगु भाषी प्रदेश सब एक हो जायें। अर्थात् वह भाषा के ऊपर सब से अधिक बल देते हैं। यदि हम भी इसी बात को कहें कि हिन्दी बोलने वालों का भी एक विशाल प्रदेश बना दिया जाए तो यह एक बहुत बड़ा क्षेत्र बन जायेगा। कोई तैलगु का प्रदेश बनाते हैं, कोई तामिल का प्रदेश बनाते हैं, कोई बंगाली का प्रदेश बनाते हैं, कोई मराठी का प्रदेश बनाते हैं, तो क्या कारण है कि हिन्दी वालों का भी एक प्रदेश न बने।

श्री जी० एच० देशपांडे (नासिक-मध्य) : जरूर, जरूर।

श्री टंडन : इस का परिणाम यह होगा कि बिहार, यू० पी०, मध्य प्रदेश, मध्य भारत, विन्ध्य प्रदेश, राजस्थान आदि को मिला कर एक प्रदेश बन जायेगा। यदि ऐसा होता है तो मुझे कोई आपत्ति नहीं है। परन्तु हमारे भाई डा० लंका सुन्दरम् साहब कहते हैं कि यू० पी० के इसी तरह बने रहने से दक्षिण की तोल बिगड़ जायेगी, तो जब हिन्दी वालों का एक ही प्रदेश बन गया तो फिर तोल कहां जायेगी ! अगर बिहार के भाई यह कहें कि हम उत्तर प्रदेश के साथ मिल कर रहना चाहते हैं या कोई और टुकड़ा हमारे साथ मिलना चाहे तो दूसरों को इस में क्यों आपत्ति हो, यह मेरी समझ में नहीं आता। उन का यही कहना है कि तोल बिगड़ेगी। उन्होंने कुछ दूसरे देशों की मिसालें दीं। शायद उन्होंने या किसी दूसरे भाई ने अमरीका का हवाला दिया और कहा कि अमरीका में जो प्रदेश हैं वह प्राय: बराबर बराबर हैं। मेरा अनुमान है कि बराबरी के हिसाब से वहां प्रदेश नहीं हैं। रूस में भी बराबरी का हिसाब नही है। वहां भी अलग अलग प्रदेश हैं। जहां जहां इस प्रकार से प्रदेश मिलते हैं वहां वहां कुछ ऐतिहासिक कारण होते हैं। आप रूस को देखिये, वहां जो मुख्य रूस है, जो बड़ा प्रदेश है, जिस की भाषा वहां चलती है, वह तो बहुत बड़ा प्रदेश है और वह समस्त रूस संघ के आधे से कहीं अधिक है—करीब दो तिहाई है अपने क्षेत्र में और जनसंख्या में भी आधे से अधिक है। यह तो कोई दलील नहीं है कि बैलेंस बिगड़ जायगा। हमारे यहां छोटे और बड़े दोनों प्रकार के प्रदेश बने हुए हैं। इस विषय पर मैं अधिक नहीं कहूंगा मेरा निवेदन केवल यही है कि अगर उत्तर प्रदेश स्वयं अपना क्रम रखना चाहता है और उस में सब मिल कर काम कर रहे हैं, तो दूसरों को कोई कठिनाई नहीं होनी चाहिए। आप इससे और बड़ा प्रदेश बनाइये। इससे भी बड़े प्रदेश पहले थे। मेरे मस्तिष्क में तो यह बात कभी नहीं आई कि कोई प्रदेश हम से बड़ा है, तो इस कारण हम छोटे हो गए। बंगाल हमारे प्रदेश से बड़ा था। हमारे देश का विभाजन हुआ। उस में उसके टुकड़े हुए। वह एक अकस्मात् बात थी मैं उसे अच्छा नहीं समझता हूं। परन्तु यह तथ्य है कि बंगाल हम से भी बहुत बड़ा प्रदेश था, अपनी जनसंख्या में भी और अपने घेरे में भी। इस कमीशन ने जो सुझाव दिया है, उस में भी उत्तर प्रदेश अपने घेरे के हिसाब से—क्षेत्र के हिसाब से—चौथा है। तीन प्रदेश उससे बड़े हैं। जो सिफारिशें उसने की हैं, उनके अनुसार बम्बई बहुत बड़ा है और बम्बई से भी बड़ा मध्य प्रदेश है। बम्बई दूसरे नम्बर पर है और फिर राजस्थान आता है। उत्तर प्रदेश तो चौथे नम्बर पर आता है। परन्तु जनसंख्या में वह सबसे बड़ा है, आज ऐसा क्रम बन गया है। लेकिन जहां पर भूमि है, वहां आज न सही, पर कुछ समय के बाद जनसंख्या बढ़ेगी ही। भूमि खाली रहने वाली नहीं हैं। वहां पर जनसंख्या धीरे धीरे बढ़ेगी ही। इस कारण उत्तर प्रदेश के प्रति ईर्ष्या द्वेष करना उचित नहीं।

1 P.M.

यहां पर बघेलखंड के जो भाई थे, उन्होंने कहा था कि हम उत्तर प्रदेश में

[श्री टंडन]

आना चाहते हैं। मेरे सामने कुछ कागद हैं, जिन से प्रकट होता है कि मध्य प्रदेश के लोग उत्तर प्रदेश में आना पसन्द करते हैं दूसरे प्रदेश के साथ मिलने की अपेक्षा मुझे बताया गया है कि कई भाइयों ने—हमारी विधान सभा के सदस्यों ने—दस्तखत कर के एक आवेदनपत्र भेजा है। उसका जो कुछ भी परिणाम हो। मुझ को एक बात अवश्य लगती है कि आर्थिक दृष्टि से उत्तर प्रदेश में कुछ कमियां हैं। मैं कह सकता हूं कि उत्तर प्रदेश आपेक्षिक दृष्टि से बहुत दीन प्रदेश है। हमारे यहां जितनी ग़रीबी है, उतनी आप को बहुत कम स्थानों में मिलेगी।

एक माननीय सदस्य : बिहार भी गरीब है।

श्री टंडन : मैं मानता हूं कि बिहार भी ग़रीब है, परन्तु मेरा अनुमान है कि उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्से बिहार से भी अधिक ग़रीब हैं। हमने अनुभव किया है कि हमारे यहां आवश्यकता यह है कि कुछ खनिज पदार्थों वाला भाग हमारे साथ जुड़े। बघेलखंड में खनिज पदार्थ हैं, खानें हैं। अगर वे तीन चार ज़िले—या दो ज़िले—जो हमारे दक्षिण में हैं, हमारे साथ आयें, तो उससे मध्य प्रदेश का कोई नुकसान नहीं होगा इसलिए कि मध्य प्रदेश में खनिज पदार्थ हैं और उसका कार्य चल रहा है और उन दो तीन ज़िलों के आने से उत्तर प्रदेश का बहुत लाभ हो जाता है। आबादी में कोई बहुत बड़ा अन्तर नहीं हो जायगा। अगर वे लोग आना चाहें और उत्तर प्रदेश उन को लेने के लिए तैयार है—यह ठीक है कि इस तरह उसकी आबादी पन्द्रह बीस लाख बढ़ जायगी—तो कोई कारण नहीं है कि उनको रोका जाय। अब मैं कुछ शब्द पंजाब के सम्बन्ध में भी निवेदन करना चाहता हूं।

श्री बी० डी० शास्त्री (शाहडोल-सीधी) : मैं एक बात पूछना चाहता हूं। अगर विन्ध्य प्रदेश अलग रहे, तो क्या दिक्कत हो सकती है? उसकी जनता चाहती है कि उसकी अलग इकाई बनी रहे। इसमें आप को क्या आपत्ति है?

श्री टंडन : मुझे कोई आपत्ति नहीं है। परन्तु प्रश्न यह है कि विन्ध्य प्रदेश छोटा पड़ता है। आज समय बड़ी इकाइयों का है। मैं छोटी छोटी इकाइयों को स्वयं पसन्द नहीं करता हूं।

बाबू राम नारायण सिंह (हज़ारीबाग-पश्चिम): विन्ध्य प्रदेश बम्बई शहर से तो अधिक ही होगा।

Mr. Chairman: If this sort of questioning goes on, he will have to labour only one point, because the time is limited.

श्री टंडन : मैं तो आप की ही बात कह रहा हूं। विन्ध्य प्रदेश ने स्वयं फैसला किया है कि यदि हम अलग नहीं रह सकते, तो हम उत्तर प्रदेश के साथ जाना चाहेंगे। मैं विशेषकर बघेलखंड की बात कर रहा हूं। आर्थिक दृष्टि से बघेलखंड का उत्तर प्रदेश में आना दोनों के लिए लाभदायक होगा।

कुछ शब्द पंजाब के ऊपर कहना चाहता। मैं आज पंजाबी तो नहीं हूं, लेकिन किसी समय मेरी भी भूमि पंजाब ही थी। हम लोग पंजाब से ही उतरे हुए हैं। यूं भी पंजाब से मेरा गहरा सम्बन्ध रहा है। प्रयाग के बाद लाहौर को ही मैं अपना घर समझा करता था।

श्री नन्द लाल शर्मा (सीकर) : अब तो वह पाकिस्तान में गया।

श्री टंडन : वह पाकिस्तान में गया, यह हमारे कुकर्मों का फल है। हम अपनी राजनीतिक बुद्धि में कुछ क्षीण रहे हैं, हम मे राजनीतिक बुद्धिमत्ता की कमी थी, इसी लिए पाकिस्तान बना। आज आप ने हम को उसकी याद दिलाई।

मझ को यही खेद है कि आज भी पंजाब में कुछ ऐसी प्रवृत्तियां दिखाई पड़ती हैं, जो दुःखित करती हैं और ऐसा मालूम होता है कि वे लोग राजनीतिक दूरअंदेशी से अलग हैं। पंजाब बहादुर प्रदेश है। वह किनारे पर है, इस लिए बड़ी आवश्यकता यह है कि वहां के लोग वीरता और एकता के साथ मिल कर भविष्य की बात सोचें। वहां पर आज जिस तरह से छोटे कम से विचार हो रहा है, वह मेरे हृदय में खेद उत्पन्न करता है। कभी कभी जब मैं सुनता हूं कि इस या उस बात से धर्म कुछ खतरे में पड़ जायगा, या कोई विशेष संस्कृति खतरे में पड़ जायगी, तब मैं सोचने लगता हूं कि क्या किसी धर्म का बड़प्पन उस के अनुयायियों की संख्या पर निर्भर करता है। पंजाब में जब गुरुनानक ने प्रचार किया था और अपने धर्म की शिक्षा दी थी, तब उनके साथ कितने आदमी हुए थे ? बहुत थोड़े। परन्तु उनका धर्म आज है। वह संख्या पर निर्भर नहीं करता है—वह अपने सिद्धान्तों पर निर्भर करता है। उन बड़े लोगों की जीवनियों पर निर्भर करता है जिन को गुरु नानक ने प्रेरणा दी। जब तक भारतवर्ष है तब तक गुरुनानक] का शिक्षण और उनकी वाणी पढ़ी जायगी। जब तक भारतवासियों को अपने पूर्वजों का गर्व है तब तक गुरुओं का त्याग और बलिदान हमारे इतिहास का स्वर्ण प्रतीक है—गुरुओं का जीवन उनकी वाणी देश भर की सम्पत्ति है। किसी विशेष सम्प्रदाय की बात नहीं है। मेरा निवेदन है कि जो सम्प्रदाय विशेष रूप से गुरुओं को अपनाता है उसका तो यह विशेष कर्त्तव्य हो जाता है कि वह उनकी वाणी पर चले और इस प्रकार दूसरों को अपनी ओर खींचे। केवल संख्याओं के आधार पर बात करना यह तो कोई धर्म को चलाने की कसौटी नहीं है। मैं हृदय से निवेदन करता हूं। इसमें आक्षेप ही ही नहीं सकता। गुरुओं के प्रति मेरी जो श्रद्धा है उसका अनुमान भी हमारे पंजाब के भाई सम्भवतः नहीं कर पायेंगे। उस बात को बहुत कहने की आवश्यकता नहीं है। मुझे एक वाणी याद आती है जो कि जीवन को चलाने की वस्तु है। वह इस प्रकार है :—

"जो प्राणी ममता तजै लोभ मोह अहंकार।
कह नानक आपै तरै औरन लेइ उबार।"

यह वाणी गुरुओं की है। इस वाणी पर जिन लोगों का जीवन ढला है वे सचमुच धर्म के रक्षक हैं वे ही सच्चे धर्म के रक्षक हैं। केवल संख्याओं से धर्म की रक्षा नहीं होती। मेरा निवेदन है कि राजनीति में धर्म के प्रश्न को जोड़ कर संख्याओं की बातें करना कुछ लाभदायक नहीं है। यही कारण था जिसने मुसलमानों के लिए पाकिस्तान की रचना करवाई। इसलिए धर्म और संख्या को मिला कर हम बात करें यह उचित नहीं है।

पंजाबी भाषा मुझे बहुत प्रिय लगती है। अच्छी सुन्दर भाषा है। परन्तु उस भाषा के आधार पर ही बार बार सूबा बनाने की बात आती है। कल हमारे प्रधान मंत्री जी ने कहा था कि चाहे हम किसी तरह से देखें हम ऐसा सूबा बना ही नहीं सकते जहां पंजाबी के साथ साथ हिन्दी न चले। जब ऐसा है तो मैं यही कहूंगा कि हिन्दी और पंजाबी दोनों प्रेम के साथ क्यों न चलें। दोनों में कोई इतना बड़ा अन्तर तो नहीं है। मैं अपने प्रदेश की बात आपके सामने रखता हूं और आप इस दृष्टि से उसके ऊपर विचार करें। भाषा के आधार पर हम भी अपने यहां तीन चार भाषावार सूबे बना सकते हैं। जो अन्तर हिन्दी और पंजाबी का है लगभग वही अन्तर हिन्दी का और बृज भाषा का है, वही अन्तर हिन्दी का और अवधी का है और वही अन्तर हिन्दी और भोजपुरी का है। कम से कम ये तीन तो ऊंची भाषायें हैं इनके अलावा हमारे यहां बुंदेलखंडी भी है।

[श्री टंडन]

For example, we demanded the whole of Manbhum district. They have conceded some part of it. They have said that there is the river Damodar which has divided it into two parts. One is Dhanbad and other is Purulia. So let Bengal have Purulia. It is on some other consideration. In the same breath, they say 'We cannot give you Chas because there is a Hindi majority'. On the same basis, let them give us a portion of Dhanbad where there is a Bengali-majority. What is this argument about? Either accept it on humanitarian grounds or have as basis a sound principle on which you will give your award. They are good men, eminent jurist, another a prominent social worker and the other prominent diplomat. Accepted. But let them find a basis on which they will work. We asked for Manbhum district. We asked for a portion of Singhbhum district, Dhalbhum. We still ask for Chas. They say, no. There is another argument that is put forward. It is that there are two coal mines in that area and so it cannot go to West Bengal. What will happen if two coal mines go to West Bengal? With so many millions and millions of refugees, if we can have two coal mines, what will happen? What will happen if we increase our finances by two pence? The heavens won't fall down

Then there is the question of Santal Parganas. We have asked for it. We require it for our development. The Bihar Ministry is there since 1937. It has not so far found it necessary to develop those areas, to develop the catchment areas. The moment the S.R.C. wanted to give some catchment areas to us—we are grateful to them for the mercy—the Bihar Ministry prepared some scheme to develop those areas. They won't be able to do it themselves, bcause if there is a river valley project there, it will be beneficial to Bengal.

We learn from this learned document that Rajmahal is a coal-field area. Can anybody say that Rajmahal is a coal-field area? Rajmahal is an area from where you can have stone chips. Stone chips and coals are different. They in their profoundness have said that it will affect the economy of Bihar; so it cannot go to Bengal. What is this argument about? How can it affect the economy of Bihar? West Bengal has been affected by the partition. The Government of India and we are spending for it. They have spent more than Rs. 70 crores up to 1954 on refugee rehabilitation, and you will be amazed to hear that out of it, Rs. 42 crores have been spent on temporary relief. That is the economy of West Bengal. Keeping in view that economy of West Bengal, you have to consider this question. You cannot summarily dismiss it saying that it is a border problem, a territorial dispute or a Bengal-Bihar *jhagada*. There is an absolute difference here.

I have placed all these things before you. The statement of the former Home Minister Rajaji is before you. That is about the Kishanganj area, a few miles in the northern area and a few miles in the southern area. If a further stretch of land is given, we will be able to have contiguity between the northern and southern portion of the State. If the Government of India want to do it, let them do it, because the former Home Minister and an astute politician, Rajaji, had said that it is for the defence of India, not for Bengal. He said clearly and categorically that this portion is to be given to Bengal not for Bengal, not for Bihar, but for the defence of India. What is the quarrel of Bengal with the defence of India? Why should the Muslims there object to this? This is for the defence of India and for no other purpose.

Under the circumstances, I request the Congress High Command, the Central Government, this august House, my Bihari friends and my Assamese friends not to feel distressed. We have not claimed anything. We have only made our suggestions before the Commission,

because we are confident that the Central Government will do justice, because we are confident that our leaders will do justice. With that confidence, we have placed our point of view. We also seek the co-operation of Bihar, we also seek the cooperation of Assam to relieve our distress. We have heard so many things about zonal affairs. The Deputy Chairman of the West Bengal Council in his speech also said that Bengal, Bihar, Assam and Orissa should be turned into a zone, and if U.P. is also tagged on to it, we will be able to enjoy more privileges. We will then be a very big unit. It will be such a big unit that nobody will dare to disturb the finances or economy of Bengal or Bihar or Assam.

I now request our leaders to kindly take into consideration the suggestions made by the West Bengal P.C.C. I request them to take into consideration our refugee problem which is a problem for the whole of India. I have not brought before you the sacrifices that we have made. We made sacrifices for our own emancipation, because we also wanted freedom; and we sacrificed two-thirds of Bengal.

Tandonji said there are many *dukhis* in U.P. Are they more *dukhis* than refugees? Are they more *dukhis* than those who have no hearth and home? Are there more *dukhis* than those people who have had to leave their hearths and homes without a future, without seeing a silver lining in the horizon? I am not asking for any pity. I want to be at par with other States. I want to be helpful to the Government and keep the unity of India, for the defence of India, for the economic development of India, for bringing the socialistic pattern of society in India. I have done.

पंडित ठाकुर दास भार्गव : आज यह मौका हिन्दुस्तान के लिए ऐसा है कि जिस पर हिन्दुस्तान के लोगों को जितनी मुबारिकबाद दी जाए उतनी ही थोड़ी है । एक ज़माना था कि हिन्दुस्तान के लोग दो सौ या तीन सौ बरस पहले या इस से भी ज्यादा पहले एक इलाके से दूसरे इलाके में हमला करने के लिए जाया करते थे और लड़ाई से ही हदूदबन्दी या इलाके को बढ़ाने की हर बात का फैसला किया करते थे । आज यह एक मुबारिक दिन है कि हम यहां पर बैठ कर अपनी हदूद का अपने मतभेदों का फैसला आपस में बहस मुबाहिसा कर के करने को तैयार हैं । जो बहस यहां पर ६–७ रोज़ से हो रही है मैं ने उसको बड़े गौर से सुना है । हर तरफ से कई प्रकार की बातें सुनने में आई हैं । मैं आपकी खिदमत में सारे मामले को छोड़ कर इस मामले की कांस्टीट्यूशन के लिहाज से क्या वुक्कत है, अर्ज करना चाहता हूं । जब हमने अपना कांस्टीट्यशन बनाया उस वक्त हमारे प्राइम मिनिस्टर साहब ने हम को इस सारे कांस्टीट्यूशन की एक कुंजी दी । एक फ़ारमूला हम को दिया, जो फ़ारमूला इस कांस्टीट्यूशन की रग रग में सरायत करता है । उन्होंने जो फ़ारमूला दिया, वह मैं आप की खिदमत में पढ़ कर सुनाता हूं ।

"We the people of India, having solemnly resolved to constitute India into a Sovereign Democratic Republic and to secure to all its citizens:

Justice, social economic and political;

Liberty of thought, expression, belief, faith and worship;

Equality of status and of opportunity; and to promote among them all;

Fraternity assuring the dignity of the individual and the unity of the Nation."

मैं अदब से अर्ज करना चाहता हूं कि इस फ़ारमूले की बेसिस पर हम ने कान्स्टीट्यूशन

[पंडित ठाकुर दास भार्गव]

में फंडामेंटल राइट्स बनाए और इस के अलावा दीगर प्राविजन्ज़ बनाए। इस फारमूले और फंडामेंटल राइट्स के पीछे जो राज़ है, जो एक सुनहरी चीज़ है, जिस तरह एक माला के सब मनकों में से धागा गुज़रता है, उसी तरह हमारी सब बातों और सब कामों की बुनियाद पर जो उसूल है, वह यह है कि हम ने यह कहा कि हम डिगनिटी आफ़ दि इन्डिविजुअल को हिन्दुस्तान के हर एक सिटिज़न की डिगनिटी को—और यूनिटी आफ़ दि स्टेट को अपने हर एक काम में सब से आगे रखेंगे। दूसरा उसूल हम ने इक्वैलिटी आफ स्टेट्स और इक्वैलिटी आफ़ आपरचूनिटी का अपने सामने रखा। जस्टिस, सोशल एंड इकानोमिक, यह थी तीसरी बात जो हम ने कही।

मैं अदब से पूछना चाहता हूं कि इन तीन बातों के होते हुए कौन सा ऐसा इलाका है जो यह कह सके कि मेरा इलाका तो सरप्लस है, मेरे पास के डेफ़िसिट इलाके मेरे साथ मत आने दो—मैं सरप्लस हूं और सरप्लस ही रहूंगा? मैं पूछना चाहता हूं कि इस सूरत में इकानौमिक जस्टिस कैसे हो सकता है?

इस के बाद हम ने कांस्टीट्यूशन में दफ़ा ३९ रखी और डायरेक्टिव प्रिंसिपल्ज़ आफ स्टेट पालिसी में गवर्नमेंट का यह फ़र्ज़ करार दिया:—

"that the ownership and control of the material resources of the community are so distributed as best to subserve the common good;"

मैं निहायत अदब से प्लानिंग कमीशन वालों से और उन लोगों से, जिन के हाथ में हिन्दुस्तान की बागडोर है, पूछना चाहता हूं कि वे कैसे यहां पर सोशलिस्टिक पैटर्न कायम करेंगे—जिसका रोज़ ढोल बजाया जाता है—अगर सरप्लस एरियाज़ के लोग डेफिसिट एरियाज़ को अपने साथ रखने को तैयार न होंगे।

आगे लिखा है:—

"that the operation of the economic system does not result in the concentration of wealth and means of production to the common detriment;"

एक इलाके में से दरया गुजरता है, उस में मिनरल रिसोर्सिज़ हैं, क्या उस का यह कहने का हक है कि यह दरया मेरा है और ये मिनरल रिसोर्सिज़ मेरे हैं और मैं हिन्दुस्तान के फ़ायदे के लिए उन को इस्तेमाल नहीं करने दूंगा। मैं तो सारे हिन्दुस्तान को एक नहीं समझता हूं जब कि पंजाब में चने का भाव छः रुपये है, मद्रास में ४२ रुपए है, कलकत्ता में २० रुपए है और दिल्ली में १४ रुपए है। जब तक सारे देश के गरीब लोगों को खाने पीने की और दूसरी चीजें यकसां कीमत पर नहीं मिल सकतीं, तब तक मैं हिन्दुस्तान को एक नहीं समझ सकता हूं। इसलिए यह निहायत ज़रूरी है कि जब हम स्टेट्स बनायें, तब इस बात का हरगिज़ ख्याल न रखें कि एक स्टेट तो मालदार बन जाय और दूसरी स्टेट पीछे रह जाय। यहां पर रोज़ इस बात का तनाज़ा होता है कि फलां एरिया बैकवर्ड है और फलां एरिया फार्वर्ड है। सवाल यह है कि बैकवर्ड एरियाज़ की कैसे मदद की जाय? उन की मदद उसी हालत में हो सकती है अगर उन को उन सरप्लस एरियाज़ के साथ जोड़ दिया जाय, जिन को कुदरत ने ऐसी जगह बसाया है, जो दरयाओं और पहाड़ों के नज़दीक हैं और जहां मिनरल रिसोर्सिज़ कसरत से मिलते हैं। इसी तरीके से देश की सम्पत्ति की यकसां डिस्ट्रिब्यूशन हो सकती है।

मैं यह अर्ज़ करना चाहता हूं कि कोई भी तजवीज़—ख्वाह उस को कोई कमीशन करे

या कोई दूसरा करे–इन डायरेक्टिव प्रिंसिपल्ज के खिलाफ जाती है, वह कांस्टीच्यूशनल नहीं है और मैं उसको मानने के लिए तैयार नहीं हूं। मैं ने इस रिपोर्ट में कितनी ही जगह पढ़ा है कि फलां इलाका कहता है कि हम सरलप्स हैं हम को डेफिसिट इलाके के साथ जोड़ने का क्या मतलब ; यह माना गया है कि सब भाई भाई है—एक मां के बेटे हैं, मगर बड़ा भाई छोटे भाई से कहता है कि मैं अमीर हूं तुम गरीब हो, इसलिए मेरे पास मत आओ। जिस खुशकिस्मत इलाके से मैं आया हूं, उस की बाबत कहा गया है कि यह तो डेफिसिट एरिया है, हम इस के पास नहीं फटकेंगे। मैं बड़े अदब से उन बड़े भाइयों और चाचाओं से अर्ज करना चाहता हूं कि मेहरबानी कर के आप इस कांस्टीच्यूशन के खिलाफ़ मत जाइये। मैं सरप्लस एरिया वालों से कहना चाहता हूं कि अगर आप ने इस कांस्टीच्यूशन को बनाया है, तो इस पर अमल कीजिए वर्ना यह आप का कांस्टीच्यूशन रह जायगा।

कांस्टीच्यूशन में जहां हम ने लिखा है कि हिन्दूस्तान में लोग कैसे बसेंगे और कैसे सिटिजन बनेंगे, वहां हम ने लिखा है :—

"That State shall not deny to any person equality before the law or the equal protection of the laws within the territory of India."

इस के अलावा हम ने दफ़ा १९ में जो बड़े जोर का फंडामेंटल राइट रखा, उस में लिखा:–

"All citizens shall have the right— to move freely throughout the territory of India; to reside and settle in any part of the territory of India;"

जो लोग होमलैंड के बड़े कायल हैं— आखिर होमलैंड और मामूली टेरीटोरी में कुछ न कुछ फर्क होता ही होगा–और जो लोग कहते हैं कि हम ने फलां खिताए-जमीन की ठेकेदारी ली हुई है, उन से मैं पूछना चाहता हूं कि यह होमलैंड का कनसप्ट हमारे कांस्टीच्यूशन के साथ किस तरह कनसिस्टेंट है। क्या मुझ को हक नहीं है कि मैं एक सूबे से दूसरे सूबे में जा कर बस सकूं? क्या बंगाल के लोगों को आसाम में जा कर रहने का हक नहीं है ? क्या दस हजार पंजाबियों को यह हक नहीं है कि वे बंगाल में जा कर रह सकें ?

श्री अमजद अली (ग्वालपाड़ा–गारो पहाड़ियां): आपको दावत है कि आसाम में आ कर रहें।

पंडित ठाकुर दास भार्गव : आप मुझको तो दावत देते हैं, लेकिन मैं जानता हूं कि आसामी बंगालियों के साथ किस तरह का सलूक करते हैं। मैंने देखा है कि आपके पास बेशुमार जमीन खाली पड़ी है, लेकिन आप बंगालियों को एक बीघा भी देने के लिए तैयार नहीं हैं। यह निहायत गलत और नामुनासिब बात है। यह कांस्टीच्यूशन के खिलाफ है। अगर आपने इस तरह कांस्टीच्यूशन की मिट्टी पलीद करनी थी, तो आपने उसको क्यों बनाया ?

यह भी कहा जाता है कि फलां जगह पर हम लोग बसे हुए हैं, वहां हम किसी को नहीं आने देंगे। मैं पूछना चाहता हूं कि किसी को यह बात कहने का क्या हक है कांस्टीच्यूशन की दफा २५ और २६ में मुख्तलिफ रिलिजस सैक्शन्ज और डिनामिनेशन्ज को परस्तिश वगैरह का हक दिया गया है। दफा २६ में लिखा हुआ है :—

"Subject to public order, morality and health every religious denomination or any section thereof shall have the right to establish and

[पंडित ठाकुर दास भार्गव]

maintain institutions for religious and charitable purposes;

to manage its own affairs in matters of religion;

to own and acquire movable and immovable property;

to administer such property in accordance with law."

दाफा २५ को पढ़ने की जरूरत नहीं है, क्योंकि उसको सारा हाउस जानता है। किसी रिलिजस सैक्शन या डीनामिनेशन को इससे ज्यादा हक नहीं दिया गया है। इसलिए किसी रिलिजन के लोगों को यह कहने का हक नहीं है कि पंजाब के इस हिस्से पर या हिन्दुस्तान के किसी खित्ते पर हमारा हक है, इसको हम रखेंगे और किसी को इसमें दाखिल नहीं होने देंगे, वह स्टेट हमारी होगी। मैं इस किस्म की रिलिजस स्टेट का सख्त मुखालिफ़ हूं। रिलिजस स्टेट का ख्याल इस कांस्टीच्यूशन के खिलाफ जाता है। हम देख चुके हैं कि इस ख्याल की वजह से हमको कितना नुकसान हुआ है और कितने खतरनाक नतायज निकले हैं। जो वाकयात मैं अपनी आंखों से देख चुका हूं, उनके दोबारा होने के ख्याल से ही मेरा दिल घबराता है। मैं सोचता हूं कि क्या हम फिर उसी टू-नेशन थ्योरी में जाने लगे हैं, जिसकी बदौलत इतनी बरबादी हुई है और क्या हम हिन्दुस्तान और पाकिस्तान की किस्म के झगड़े पैदा करने जा रहे हैं? टू-नेशन थ्योरी को मानकर कैसे हम काश्मीर को हिन्दुस्तान में रखने के हक़दार हैं?

यहां पर लैंगुएज का बहुत जिक्र हुआ है। मैं इस सिलसिले में कांस्टीच्यूशन की बात आपकी खिदमत में पेश करना चाहता हूं। कांस्टीच्यूशन ने लैंगुएज के बारे में क्या रियायतें दी हुई हैं, यह बात हमें दफ़ा २९ से मालूम होती है, जो कि इस तरह है :—

"Any section of the citizens residing in the territory of India or any part thereof having a distinct language, script or culture of its own shall have the right to conserve the same."

यानी कोई सैक्शन आफ़ सिटिजन्ज अपनी लैंगुएज, स्क्रिप्ट और कल्चर को कनज़र्व करने का अख्तियार रखता है। इसके लिए वे क्या करें? यह आगे लिखा हुआ है :—

"All minorities, whether based on religion or language, shall have the right to establish and administer educational institutions of their choice."

लैंग्वेज वालों को अख्तियार है कि अपने इंस्टीट्यूशन खोलें, अपनी भाषा पढ़ायें लिखायें। स्क्रिप्ट वालों को अख्तियार है कि वे अपने स्क्रिप्ट को कंजर्व करें, लेकिन कांस्टीट्यूशन में कहीं भी यह नहीं लिखा हुआ है कि कोई सेक्शन दूसरों को मजबूर करे कि तुम फलां लैंग्वेज बोलो या फलां स्क्रिप्ट लिखो। खास कर यह तो हो नहीं सकता कि वह सैक्शन बजरिये स्टेट के दूसरों को ऐसा करने के लिए मजबूर करे। मैं हाउस की तवज्जह आपके जरिये कांस्टीट्यूशन की दफा ३४७ की तरफ दिलाना चाहता हूं। उसमें लिखा है :

"On a demand being made in that behalf, the President may, if he is satisfied that a substantial proportion of the population of a State

desire the use of any language spoken by them to be recognised by that State, direct that such language shall also be officially recognised throughout that State or any part thereof for such purpose as he may specify."

मेरी अदब से गुजारिश है कि इसके मुताबिक किसी को भी यह अख्तियार है कि वह प्रेसीडेंट साहिब के पास जाकर यह कहे कि हमारी इस लैंग्वेज को रिकागनीशन दिया जाय और अगर वह मुनासिब समझें तो वह रिकागनीशन दे सकते हैं। लेकिन दफा ३४७ में किसी स्क्रिप्ट का जिक्र नहीं है। कोई सिटीजन यह नहीं कह सकता कि हमारे स्क्रिप्ट को लेकर प्रेसीडेंट साहब एक स्टेट बना दें या उसको दूसरों पर इम्पोज कर दें। इस चीज को लेकर अगर कोई अलग स्टेट की मांग करता है तो वह गलत है, बे बुनियाद है और कांस्टीट्यूसन के खिलाफ है, चाहे एसी बात इस कमीशन की रिपोर्ट में या कहीं और ही क्यों न कही गयी हो। मैं अदब से अर्ज करना चाहता हूं कि इस कांस्टीट्यूशन में इंडिया के सिटीजन की तारीफ दी हुई है पर किसी स्टेट के सिटीजन की तारीफ नहीं दी हुई है। ये जो स्टेटस बनी हुई हैं ये तो एडमिनिस्ट्रेटिव कनवीनिएंस के लिहाज से बनायी गयी हैं। ये इस ख्याल से बनायी गयी हैं कि किसी एक इलाके के लोग पूरी तरक्की कर सकें लेकिन इसका यह मतलब नहीं है कि कोई लोग दूसरों के खिलाफ एक दीवार खड़ी कर दें और कहें हम इसके ठेकेदार हैं और इसमें किसी को नहीं आने देंगे। मैं कहना चाहता हूं कि इस तरह का होमलैंड का कन्सेप्ट हमारे लिए unconstitutional और खराब है।

कहा जाता है कि कांग्रेस ने भी भाषावार सूबों की बात मंजूर कर ली है। हमको मालूम है कि उसके बाद दार कमीशन बना, जे० वी० पी० कमेटी बनी और अब आखिर में इस कमीशन की रिपोर्ट आयी है। एक वक्त था कि हमारे पंडित जवाहरलाल नेहरू ने रावी के किनारे इंडिपेंडेंस का झंडा फहराया था। जो लोग उनके उस वक्त साथ थे वे कहते हैं कि उस रात भर पंडित जी इंडिपेंडेंस की खुशी में वहां पर नाचते रहे। जब कांस्टीट्यएंट असेम्बली में उन्हीं पंडित जवाहरलाल जी ने यह रिजोल्यूशन हमारे सामने रखा था कि हमको कामनवैल्थ में शामिल होना चाहिए तो मैंने उनकी ताईद में तकरीर की थी और कहा था कि जब उन्होंने इंडिपेंडेंस का झंडा फहराया था उस वक्त तो वह हमारे लीडर थे, क्या वह इस वक्त हमारे लीडर नहीं हैं और क्या अब हमको उनकी बात नहीं माननी चाहिए, जब कि उनको पहले से और ज्यादा तजर्बा हो गया है और ज्यादा अक्ल आ गयी है। मैंने उस तक्त पूछा था कि क्या जिस जवाहरलाल ने इंडिपेंडेंस का झंडा फहराया था वह अच्छा था और अब जो हमको कामनवैल्थ में रहने के लिये राय दे रहा है वह जवाहरलाल खराब है। कल जो हमारे प्रधानमंत्री जी ने स्पीच दी वह नेशनल स्पिरिट से भरी हुई थी। सबके सब ताली हाउस में पीटने को तैय्यार और जय बोलने को तैय्यार हैं। लेकिन यह सिर्फ लिप सरविस है, कोई उस पर अमल करने को तैयार नहीं है। ईमानदारी की बात यह है कि उनकी नसीहत पर अमल करो और उनके बतलाए हुए, असूलों पर चल कर यूनिलिंग्वल स्टेट के ख्याल को खतम करो।

[पंडित ठाकुर दास भार्गव]

मैं अर्ज करना चाहता हूं कि कमीशन ने जो उसूल स्टेट्स को बांटने के लिए रखे हैं वे सुनहरी उसूल हैं और वे इतने जरूरी हैं कि उनके बिना इस देश में स्टेट्स का बटवारा नहीं हो सकता। मुझे अफसोस है कि कुछ लोग इन तीन बुजुर्गों पर, जिन्होंने इतनी मेहनत से इस रिपोर्ट को लिखा है, मिट्टी फेंकने की कोशिश करते हैं, जहां तक फैक्ट्स और नतीजों का सवाल है उनसे किसी की राय मुख्तलिफ हो सकती है, मैं भी उनको इस मामले में क्रिटिसाइज कर सकता हूं। बहुत से मामलों में हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट की रायों में फैक्ट्स और नतीजों के मुताल्लिक इख्तिलाफ राय हो जाती है। लेकिन यह कहना कि फलां यू० पी० का रहने वाला है या दूसरी किसी और जगह का रहने वाला है, इसलिए उसने ऐसी राय दी है, मैं अदब से अर्ज करूंगा कि यह बिल्कुल गलत बात है। मैं आपकी तवज्जह खास तौर से उनके उन कनक्लूजन्स की तरफ दिलाना चाहता हूं जिनको कि उन्होंने सफा ४५ पर दिया है। इसी सिलसिले में एक कनक्लूजन जो कि उन्होंने सफा ४६ पर दिया है उसको मैं आपके सामने पेश करना चाहता हूं। वह यह है :

"Such a balanced approach would appear to be:—

(a) ......(b) ......(c) ......

(d) to repudiate the 'home land' concept, which negates one of the fundamental principles of the Indian Constitution, namely equal opportunities and equal rights for all citizens throughout the length and breadth of the Union;"

मैं अदब से अर्ज करूंगा कि यह लिखने के बाद पैरा १०६ में इन सारी चीजों को एक कूजे में ला दिया है जब कि उन्होंने यह बतलाया है कि हमारा ऐप्रोच क्या होना चाहिए। इस सिलसिले में मैं आपको एक छोटा सा पैरा पढ़ कर सुनाता हूं:

"A preliminary but essential consideration to bear in mind, therefore, is that no change should be made unless it is a distinct improvement in the existing position and unless the advantages which result from it, in terms of the promotion of 'the welfare of the people of each constituent unit, as well as the nation as a whole'—the objectives set before the Commission by the Government of India—are such as to compensate for the heavy burden on the administrative and financial resources of the country which reorganisation of the existing units must entail. The reorganisation of States has to be regarded as a means to an end and not an end in itself; that being the case, it is quite legitimate to consider whether there is on the whole a balance of advantage in any change."

यह सही चीज है। यह उसूल की बात है कि जो एग्जिस्टिंग स्टेट है उसमें आप तभी तबदीली करें जब कि यह उसके एडवांटेज के लिए हो। इस वक्त हालत यह है कि हम सारे हिन्दुस्तान में यह देख रहे हैं कि जितने प्रोविंस हैं वे सब एक्सपांड करना चाहते हैं। हिन्दुस्तान का हर प्राविंस एक्सपांड करने को तैयार है लेकिन हमारे पंजाबी भाई कहते हैं कि हमको शैल में वापस जाने दो। हमको छोटा कर दो। हमारी स्टेट को एक करोड़

७२ लाख के बजाये ६३ लाख की स्टेट कर दो। मैं अदब से अर्ज करना चाहता हूं कि जो उसूल कमीशन ने रखा है वह ठीक है और मैं भी उसकी ताईद करता हूं। जो लोग कहते हैं कि यह उसूल सही नहीं है वे गलती करते हैं। मैं तो यह समझता हूं कि अगर कमीशन रिलीजस मैजारिटीज और लैंग्वेज की मैजारिटीज के उसूल को मानती तो वह गलती करती। हमारे भाई सिखों के लिए जो पंजाबी सूबा मांगते हैं अगर इस मांग को मंजूर कर लिया जाता तो क्या नतीजा निकलता? उसका नतीजा यह निकलता कि दूसरे लोग भी ऐसी ही बिना पर अपने लिए अलग सूबों की मांग करते। अभी पंजाब असेम्बली के एक मेम्बर ने कहा था कि हम ३० परसेंट अछूत हैं और इस बिना पर हमारे लिए अछूतिस्तान बनाना चाहिए। एक भाई कहते हैं कि मेरे लिए वैष्णविस्थान होना चाहिए। जैसा कि मैंने पहले अर्ज किया, मैं हिसार के जिले से आता हूं।

सरदार हुक्म सिंह (कपूरथला भटिंडा): पंडित जी के मुंह से यह ठीक नहीं मालूम देता।

पंडित ठाकुर दास भार्गव: आप कहते हैं कि ६३ लाख में से ५५ लाख सिख हैं।

सरदार हुक्म सिंह: हम तो पंजाबी जबान की वजह से अलग सूबे की मांग करते हैं, सिर्फ सिखों के लिए तो कोई अलग सूबा नहीं चाहते।

पंडित ठाकुर दास भार्गव: अगर यही बात है तो मैं आपसे पूछना चाहता हूं कि आपने कांगड़ा जिले को किस उसूल पर अलग रखा है जहां कि दस या १५ लाख पंजाबी स्पीकिंग लोग रहते हैं। इससे जाहिर है कि आप ५५ लाख आदमियों का एक अलग सूबा बनाना चाहते हैं।

सरदार हुक्म सिंह: हम तो किसी को निकालना नहीं चाहते। आप सेंसस के फिगर्स को देखिये।

पंडित ठाकुर दास भार्गव: मैंने सेंसस के फिगर्स को देखा है और जो आपने लिखा है वह भी मैं दिखाऊंगा।

Mr. Chairman: Let the hon. Member address the Chair.

Pandit Thakur Das Bhargava: It is all right, Sir. He is not saying anything against me. Perhaps we are greater friends than any persons here and we are not excited.

3 P.M.

Shri Feroze Gandhi (Pratapgarh Distt.—West *cum* Rae Bareli Distt.—East): When hon. Members like Pandit Thakur Das Bhargava are speaking, no Ministers are there.

The Minister of Revenue and Defence Expenditure (Shri A. C. Guha): I am here.

Shri Feroze Gandhi: You are enjoying; you are not taking any notes. You have not got paper or pencil.

Shri A. C. Guha: The Reporters are taking notes.

पंडित ठाकुर दास भार्गव: सब्र कीजिये मैं जवाब दूंगा। पंजाब के अन्दर रहने वाले हर एक शख्स की जबान उसी तरह पंजाबी है जैसे कि आप पंजाबी के लिए दावा करते हैं। अगर मैं हिन्दी बोलता

[पंडित ठाकुर दास भार्गव]

हूं तो वह भी पंजाबी है क्योंकि पंजाब में बोली जाती है और अगर मैं बागड़ी बोलता हूं तो वह भी पंजाबी है। कोई जालंधर वालों ने सारे पंजाब का ठेका थोड़े ही ले लिया है। मैं भी पंजाब का उसी तरह से बेटा हूं जैसे कि आप और दूसरे लोग। जब तक कि मैं पंजाब के अन्दर हूं, मैं पंजाबी हूं। पिछले सौ वर्ष से पंजाब का इलाक़ा पंजाब के साथ लगाया गया, पुराने पंजाब के साथ लगाया गया। सन् १८५७ में हरयाना प्रान्त के लोगों ने गदर किया और सज़ा की तौर पर इसको मर्ज किया गया। अब गरीबनवाज़ खुद ही मुलाहिज़ा फ़रमाइये सौ वर्ष इसको हो गये, सात वर्ष में तो इन्सान के जिस्म के जो ज़र्रे हैं वह भी तबदील हो जाते हैं। सौ वर्ष से हम पंजाब के अन्दर रहे। मैं पूछता हूं कि आज से ४ सौ या ५ सौ वर्ष पहले दुनिया के अन्दर सिक्ख कहां थे? मैं यह अर्ज़ करना चाहता हूं कि सौ वर्ष से रहने वाले लोग अगर पंजाबी नहीं तो कौन हैं किन्हीं एक्सट्रा आर्डिनरी सरकमस्टान्सेज में पंजाब छोड़ कर कोई शख्स कहीं चला जावे तो क्या पंजाबी नहीं रहता। आखिर यह जो ५० या ५५ लाख पंजाबी और ३५ लाख बंगाली इधर आये तो उनको इधर हरियाना भरतपुर, अलवर और यू० पी० और देहली के अन्दर किस हक़ से दाखिल हो गये? साफ जाहिर है कि जितने भी इस देश में इनसान बसते हैं सब इस भारतमाता के समान पुत्र हैं और कोई यह नहीं कह सकता कि नहीं यहां फलां जगह का आदमी नहीं बस सकता। यह तमाम देश सारे देशवासियों का है और हम नहीं चाहते कि हमारे बीच में इस किस्म का भेद भाव हो और इस किस्म के टुकड़े बनें।

तो जो मैं जनाब की खिदमत में अर्ज़ कर रहा था उस पर अब आता हूं। यह तो सरदार साहब ने बीच में टोक दिया इसलिए यह बात कहनी पड़ी। अगर सिक्ख सूबे की बात नहीं होती तो मैं उनकी मांग को समझ सकता था। साथ ही यह जो आपकी तरफ से सिक्ख सूबे की मांग आई है, उसके लिए मैं आपको दोष नहीं देता बल्कि आप इसको मानने के लिए ड्रिविन हुए और आपको लोगों ने इसके लिए मजबूर किया। और जैसा आपने भी कहा कि गुस्से की वजह से यह मांग की गई है।

मैं पेश्तर इसके कि और बातों की बाबत कहूं, कहीं मैं उन दो बातों को न भूल जाऊं जिनको कि मैं हाउस के सामने रखना चाहता हूं और इसलिए मैं सबसे पहले उन्ही का ज़िक्र आपके सामने करना चाहता हूं। लुहारू एक सब तहसील है और क़रीब ३० हजार की वहां पर आबादी है। अभी श्री टंडन ने भी उसके बारे में ज़िक्र किया। मैं उस पर ज्यादा वक्त नहीं लेना चाहता। सिर्फ़ दो तीन बातें उसके बारे में अर्ज करना चाहता हूं। कमिशन ने यह लिखा है कि क़रीब ३५० वर्ष से इसका ताल्लुक़ राजस्थान से है। अब मैं अदब से अर्ज़ करना चाहता हूं कि कमिशन ने जो यह लिखा है वह किस आधार पर लिखा है? अगर वह एसा लिखने के लिए किसी किताब का हवाला देते तो मैं उनकी बात को समझ सकता था। कमीशन ने जो लिखा है वह पुराने नवाब साहब ने जो जयपुर में उनसे कह दिया उस पर उन्होंने ऐसा लिख दिया है। यह नवाब साहब हैं जिनके खानदान का तक़रीबन् १५०, २०० वर्ष तक लुहारू पर राज्य रहा। सन् १८०३ में यह उनकी

गिफ्ट के तौर पर दिया गया था और उस गिफ्ट को लार्ड लेक ने कनफ़र्म कर दिया। सन् १८६६ में नवाब साहब को हिसार में वहां पर इंस्टाल कर दिया गया। लुहारू के लिए यह कहना कि उसका पंजाब से ताल्लुक नहीं है हिस्ट्री से मुंह मोड़ना है। मेरे हाथ में गज़ेटियर मौजूद है, मेरे पास उसको यहां पर कोट करने का वक्त नहीं है, लेकिन अगर आप उसको मुलाहिज़ा फ़रमायेंगे तो आपको मालूम होगा कि लुहारू का कम से कम पिछले १५० वर्ष से हिसार ज़िले से और पंजाब से ताल्लुक रहा है और इसका सबूत यह है कि खुद नवाब की उनके चाचा की और उनके बेटे की क़ब्रें यहां दिल्ली में हैं। बड़े आदमी दिल्ली में बसा करते थे क्योंकि दिल्ली पहले हरियाना का एक शहर होता था। और हरयाने में हमारा उनसे गहरा ताल्लुक रहा है। वहां पर जो ५२ गांव हैं वह सब जाटों के गांव हैं। अब जहां तक नवाब साहब के लुहारू की बाबत कमिशन को बतलाने का ताल्लुक है तो उसके बारे में तो मेरा कहना यह है कि जयपुर के अन्दर नवाब साहब मौजूद हैं, नवाब साहब का वहां सिनेमा मौजूद है, प्रापरटी मौजूद है और जयपुर से लुहारू बहुत दूर है। अब चन्द एक आदमियों को साथ लेकर जिनके साथ कि वह किसी ज़माने में एसा सुना जाता है कि ब्लैक मार्केटिंग किया करते थे, ऐसे कुछ आदमियों को कमिशन के सामने पेश कर दिया और लुहारू की बाबत उनकी राय ले ली गई लेकिन लुहारू का एक भी आदमी नहीं बुलाया गया और जिनकी राय पूछी जानी चाहिए थी उनकी राय नहीं पूछी गई और कमिशन ने लुहारू की बाबत अपनी सिफारिश लिख दी। कल लाला अचिंत राम ने आपको बतलाया कि लुहारू के लोगों की क्या राय है। वे वहां खुद तशरीफ़ ले गये और उन्होंने हमें बतलाया कि ३९ की ३९ पंचायतों ने एक ज़बान होकर यह कहा कि हम पंजाब के बाहर नहीं जाना चाहते और हम पंजाब में ही बना रहना चाहते हैं। ऐसी हालत में उनको जबर्दस्ती दूसरी जगह धकेलना उनके साथ नाइंसाफ़ी करनी है। नवाब साहब के बारे में मैं आपको बतलाऊं कि सन् ४७,४८ में जब छोटी-छोटी रियासतें ख़त्म हुई तो नवाब साहब ने सोचा कि अगर मैं ब्रिटिश इंडिया के साथ चला जाऊंगा तो पता नहीं कि क्या हो और नवाब साहब ने बीकानेर के साथ अपना रिश्ता क़ायम करने की कोशिश की और वहां पर उस समय श्री पणिक्कर साहब जो कि कमिशन के एक मेम्बर हैं, वह चीफ़ मिनिस्टर थे लेकिन वहां की जनता ने उनकी चाल न चलने दी और जनता ने इसके विरुद्ध आन्दोलन किया और तार वगैरह काट दिये। यहां पटेल साहब को इस बारे में इत्तिला आई और उन्होंने इस मामले में तहक़ीक़ात कराई और अपना फ़ैसला दे दिया कि वह बीकानेर के साथ नहीं जायगा और यह ईस्ट पंजाब में रहेगा। और इस बात का ऐलान हम व्हाइट पेपर के सफे ४३ पर पाते हैं जिसमें यह दर्ज है:

> "The States merged in the Government of Punjab—Lohar, Dujan and Patadi are tiny States within the Boundaries of East Punjab. Geographically and for all administrative purposes these States formed part of East Punjab. The Rulers agreed to merge these States with East Punjab."

नवाब साहब ने जब देखा कि चारों तरफ से लोगों ने उनके क़िले को घेर लिया है तो आख़िर वह मजबूर हो गये। आख़िर कहां तक वह जनता की इच्छाओं के खिलाफ़ जा सकते थे। चुनांचे यह सब

[पंडित ठाकुर दास भार्गव]

लुहारू दूजाना और पटावी सन् ४८ में ईस्ट पंजाब में मर्ज हो गईं और पंजाब का हिस्सा बन गयीं । अब आप ही फ़ैसला कीजिये कि आप इस सबूत को मानेंगे या मियर हियर से १२ बिलीव कर लेंगे ?

सरदार हुकम सिंह : मगर वह तो बड़े क़ाबिल आदमी थे।

पंडित ठाकुर दास भार्गव : ठीक है, लेकिन क्या किया जाय, फैक्ट्स तो ग़लत हैं और आप तो उनसे भी ज्यादा क़ाबिल है। फैक्ट यह है कि यह स्टेट पिछले १५० वर्ष से पंजाब के अन्दर रही है और जिला हिसार का इससे ताल्लुक रहा है। अब ३५० वर्ष पहले क्या था और क्या नहीं था, मुझे उससे गरज नहीं है। १५० वर्ष के पहले और ३५० वर्ष पहले यह किसके साथ था, उसकी तवारीख मौजूद नहीं है। दूसरी बात उन्होंने यह लिखी है कि भौगोलिक आधार पर इसका राजपूताने के साथ कंटैक्ट है और राजपूताना बार्डर इसको टच करती है लेकिन मैं उनको बतलाऊं कि यह तीन तरफ पंजाब से घिरा हुआ है और सिर्फ एक तरफ इसकी हद राजपूताने से मिलती है। उन्होंने यह भी लिखा है कि यहां पर वूल ट्रेड होती है लकिन मैं बतलाऊं कि सन् ४६ में एक कारखाना वूल का क़ायम किया गया जो कि सन् ४७ में बंद हो गया। एक साल तक कुछ जगह से ऊन आया और फिर पंजाब में फाजिलका भेज दिया गया। झुनझुनूं वहां से केवल ३०, ४० मील के फासले पर है और जिला हिसार की भिवानी तहसील भी वहां से २५, ३० मील बतलाई जाती है। हिसार का जो हेडक्वार्टर है वहां से झूंपा मढौली से दो मील के फासले पर है और झूंपा रेलवे स्टेशन से हिसार का साढ़े दस आने किराया लगता है। हिसार व भिवानी से आसानी से इन्तजाम नहीं हो सकता लेकिन इनको क्या मालूम, जयपुर में बैठे हुए हैं उनको क्या मालूम कि लुहारू कहां है। लुहारू का क़स्बा एक्सट्रीम साउथ में है और बाकी में हिसार के बिलकुल नजदीक़ है। कहने का मतलब यह है कि आम क्वेश्चन आफ़ फैक्ट उनकी तीनों बातें ग़लत हैं। हमारे भाई लाला अचिंत राम ने बतलाया कि वह खुद एक मीटिंग में वहां तशरीफ ले गय जिसमें कि ५, ६ हजार आदमी मौजूद थे और उन्होंने एक राय से यह फैसला किया कि हम पंजाब के साथ बने रहना चाहते हैं और कल वहां से लोग मेरे पास आए थे वह दरखास्त पेश करना चाहते हैं। हर एक बालिग वोटर के अंगूठे लगे हुए होंगे और हम देखेंगे कि जब १५ हजार लोगों के अंगूठे आपके सामने उनके पंजाब में बने रहने के हक़ में पेश करेंगे तब मैं नहीं समझता कि किस तरह से यह डिसिशन आप उन पर ज़बर्दस्ती थोपेंगे ? व बेचारे गरीब और अनपढ़ लोग हैं और वह झगड़ नहीं सकते लेकिन वे दिल के बहुत साफ हैं और इतने ही साफ़ हैं जैसे कि हमारे सरदार साहब हैं।

श्री पी० एल० बारूपाल (गंगानगर झुंझुनू—रक्षित—अनुसूचित जातियां) : मैं नहीं कह सकता कि ये अंगूठे वाक़ई सच्चे हैं या नहीं। परन्तु सारा भारत हमारा एक है और कोई टुकड़ा कहीं से आये और कहीं मिले, इसमें हमें एतराज नहीं होना चाहिए। लेकिन अंगूठों का जो ज़िक्र किया गया है उसकी बाबत मैं इतनी प्रार्थना करूंगा कि जिस प्रकार माननीय सदस्य के पास हस्ताक्षरों का प्रमाण है वैसे ही लुहारू की पंचायतों के मोहर शुदा प्रमाणित हस्ताक्षर

हमारे पास भी राजस्थान के हक में भेजे गये हैं।

पंडित ठाकुर दास भार्गव : मेरा वक्त थोड़ा है और मुझे इजाजत दी जाय कि मैं बगैर इंटरप्शन के अपनी बात कह सकूं। दूसरी बात जो मैं इस हाउस की खिदमत में अर्ज करना चाहता हूं वह यह है कि हिमाचल प्रदेश की बाबत कहा गया है और रिपोर्ट में लिखा है कि यह पंजाब के साथ शामिल कर लिया जाय। लेकिन एक नोट है श्री फज्ले अली साहब का जिस में उन्होंने कहा है कि यह लोग गरीब हैं, उन लोगों की बोल चाल में फर्क है उन को तकलीफ होगी। हमारे ग्रानरेबल, होम मिनिस्टर साहब ने जब तकरीर फरमाई तो उस में उन्होंने बतलाया कि हिमाचल प्रदेश को पांच वर्ष के लिये इसी तरह से रखा जाना चाहिये, उन्होंने कुछ इसी तरह का इशारा किया था। मैं हिमाचल प्रदेश के बारे में यह अर्ज करना चाहता हूं कि अगर हम सरदार साहब के दिल को ठीक कर देंगे, उन के दिल को पसीज देंगे, जिस बड़े भाई का उन्होंने ज़िक्र किया है उस को मैं चाचा कहता हूं, वह तो सिर्फ बड़ा भाई कहते हैं, अगर हम उस को ठीक कर देंगे तो मैं पूछना चाहता हूं कि जब हम भी पिछड़े हुए हैं और हिमाचल प्रदेश वाले भी पिछड़े हुए हैं, हम दोनों के साथ ही जब बुरा सुलूक वह लोग करते रहे हैं, तो क्या हम यह दावा नहीं कर सकते कि हम दोनों मिल कर उन लोगों को ठीक कर देंगे ? मैं पूछना चाहता हूं कि यह कहना कहां तक ठीक है कि हिमाचल प्रदेश ऐसी स्टेट है जिस का मिल कर इन्तजाम नहीं किया जा सकता, यह एक जाग्रेफिकल और हिस्टारिकल मिथ है। मैं पूछना चाहता हूं आज दार्जीलिंग का इन्तजाम कौन करता है ? क्या वेस्ट बंगाल गवर्नमेन्ट नहीं करती है आसाम का इंतजाम कौन करता है। आज यू० पी० गवर्नमेन्ट की तरफ से क्या कुमायूं का इन्तजाम नहीं होता है। आज क्या पंजाब ही इतना खराब है कि वह इस इलाके का इन्तजाम नहीं कर सकता है ? यह बिल्कुल गलत बात है। वहां के लोगों का और हमारा साथ बड़ा पुराना है, वह हमारे ऊपर निर्भर करते हैं हम उन से इन्डेपेन्डेन्ट हैं। इस सेन्स में जितने वहां के लोग हैं, पंजाब....

Mr. Chairman: The hon. Member must conclude now.

Pandit Thakur Das Bhargava: I have not yet come to Punjab, Sir.

Mr. Chairman: How much more time will the hon. Member require?

Pandit Thakur Das Bhargava: I want at least one hour. All these gentlemen have been getting 45 minutes and more. I have not come to Punjab at all. All right, I will not speak of Himachal Pradesh, but let me say something of Punjab.

Mr. Chairman: I hope he will finish within 15 minutes?

Pandit Thakur Das Bhargava: In 15 minutes I can't. If the Chair orders I will sit down. I have to speak on the points raised by other hon. Members with regard to Punjab.

Mr. Chairman: All right. He may go on without giving in for interruptions.

पंडित ठाकुर दास भार्गव : मैं हिमाचल को छोड़ता हूं।

एक माननीय सदस्य : हिमाचल को छोड़ना ही पड़ेगा।

पंडित ठाकुर दास भार्गव : उन के कहने के मुताबिक हम तो हिमाचल को छोड़ेंगे लेकिन वह खुद हमारे पीछे पड़ जायेगा, यह मैं जानता हूं। हिमाचल के अन्दर भाखरा डैम के जो दरिया हैं उन का कैचमेन्ट एरिया पंजाब में हैं। मैं पूछना चाहता हूं कि हम ने बिलासपुर को पानी में डुबो दिया, आखिर किस लिये ? इसी लिये कि भाखरा डैम बन जाय। आज बिलासपुर के लोग जिला हिसार में बसाये जा रहे हैं। अभी

[पंडित ठाकुर दास भार्गव]

बंगाल की तरफ से साबित किया गया कि जहां पर डैम का कैचमेन्ट एरिया हो उस इलाके में ही डैम रहना चाहिये ।

श्री गोपी राम (मंडी महासु—रक्षित—अनुसूचित जातियां): कश्मीर को भी पाकिस्तान ने, बतौर अपना कैचमेन्ट एरिया मांग लिया है तो क्या आप कश्मीर को पाकिस्तान को दे देंगे?

पंडित ठाकुर दास भार्गव : मेरी अदब से गुजारिश यह है . . .

Mr. Chairman: Frequent interruptions are not at all helpful for a debate. I would request the hon. Members to be patient and let the hon. Member speak in his own way.

पंडित ठाकुर दास भार्गव : आज १०० वर्ष से हमेशा पंजाब के लोग हिमाचल के अन्दर इन्तजाम करते रहे हैं और हिमाचल की बोल चाल सब हम से मिलती है, हिमाचल का हमारे हाथ से निकल जाना ऐसी ही बात होगी जैसी नाखून को उंगली से दूर कर देना जिन का चोली दामन का साथ है । अगर वह गरीब हैं तो हम उन की गुरबत में शरीक हैं उन की तकलीफ में शरीक हैं । मेरे पास और भी वजूहात थीं पंजाब के बड़े होने के बारे में लेकिन मैं उन में नहीं जाना चाहता । यह हमारा इन्टरनेशनल फ्रंटियर है लेकिन मैं इस में भी नहीं जाना चाहता ।

अब मैं आप की इजाजत से पंजाब की तरफ आता हूं । सन् १९४७ के पहले पंजाब की जो हालत थी मैं उस को पालियामेन्ट के सामने रखना चाहता हूं । और मैं चाहता हूं कि जो दो तीन बातें मैं अर्ज करना चाहता हूं उन को मेम्बरान ऐप्रिशिएट करें । पंजाब में ३८ लाख वह पंजाबी हैं जो कि हमारे सरदार साहब के बड़े भाई हैं, यानी पंजाबी हिन्दू ३८ लाख सिख भाई हैं जो कि हमारे चाचा हैं और ५० लाख आदमी हरियाना के हैं जो कि हिन्दी स्पीकिंग कहलाते हैं, जिन का मैं नुमाइन्दा तो नहीं क्योंकि उन के नुमाइन्दे लाला अचिंत राम हैं, लेकिन जिन के यहां का मैं रहने वाला हूं । सन् १९४७ से पहले जब हम पुराने पंजाब के हिस्से थे, वहां पर ५६ फी सदी मुसलमान थे । उस वक्त सारे हुकूक इस तरह पर बंटे हुए थे कि मुसलमान हम पर हुकूमत कर सकें और अपना सिक्का जमा सकें । उन के बाद नं. २ पर आते थे हमारे पंजाबी भाई और सिख भाई जो कि जालंधर डिवीजन में थे । उन से जो कुछ बचता वह हम को मिलता था । टेबल पर जो क्रम्ब्ज रह जाते थे वह भी हम को नसीब नहीं होते थे । लेकिन मुझे उस जमाने की शिकायत नहीं, हमारे पंजाबी भाई और सिख भाई उस वक्त हमारी मदद नहीं कर सकते थे । वह तो अपनी ही मदद नहीं कर सकते थे । लेकिन जो हमारा हिस्सा था वह उन को मिलता था । मैं उस की कैफियत भी बताना चाहता हूं । जब राऊंड टेबल कान्फरेन्स का किस्सा आया और महात्मा जी वहां तशरीफ ले गये और वहां पर कारबेट स्कीम चली तो कांग्रेस वालों ने कहा कि कारबेट स्कीम के मुताबिक इस इलाके को अलाहदा कर दो । अम्बाला डिवीजन को मिला कर अलाहदा कर दो वहां पर हमारे सिख और हिन्दू भाइयों ने जोर दिया कि नहीं इस इलाके को दूर नहीं करना चाहिये क्योंकि पंजाब का हिन्दू मुस्लिम का बैलेन्स खत्म हो जायेगा और हम को तकलीफ होगी । इसी वजह से उनके इन्टरेस्ट में उस इलाके को अलाहदा नहीं किया गया । हरियाना प्रान्त की जो स्कीम थी उस की चलाने वालों में से मैं भी था मैं इस से इनकार नहीं करता लेकिन उस वक्त मुसलमानों का जमाना था हम उन के चंगुल से निकलना चाहते थे । इस के बाद सन् १९४७ के अन्दर जो वाकया हुआ उस के बाद की हिस्ट्री भी मैं आप को सुनाना चाहता हूं । सन् १९४७ से आज तक आठ वर्ष हो गये, उस के अन्दर क्या वाकये हुए आप इस का मुलाहजा फरमायें ।

जब हमारी कान्स्टिटुएन्ट ऐसेम्बली की माइनारिटी कमेटी मौजूद थी, मैं भी उस का एक मेम्बर था। उस वक्त हमारे सामने सवाल आया कि हम सब लोग माइनारिटीज का फैसला करें। जहां तक रिजर्वेशन का सवाल था, हमारे सिख भाइयों ने यह स्टैन्ड लिया कि अगर रिजर्वेशन मुसलमानों को दो तो हम को भी दो नहीं तो हम नहीं लेना चाहते। अब चूंकि मुसलमान साहबान को कोई रिजर्वेशन नहीं मिला, चुनांचे इन साहबान ने भी कबूल किया कि हम को रिजर्वेशन नहीं चाहिये। हम ने उस वक्त भी कहा था कि भले ही आप हमारे सिख भाइयों को रिजर्वेशन न दीजिये, लेकिन सिख भाई इतने एन्टर्प्राइजिंग हैं कि आप उन को कहीं रख दीजिये वह लोग ऊपर आ कर ही रहेंगे। यही हुआ। जितना रिप्रेजेन्टेशन उन को मिलता उस से कम लोग लेजिस्लेचर्स में नहीं आये, कुछ न कुछ ज्यादा ही लोग आये। अब दूसरा सवाल जो पैदा होता है वह यह कि उन के हुकूक क्या थे। जिस वक्त माइनारिटी कमेटी चल रही थी उस वक्त हमारे सिख साहबान, हमारे भाई ज्ञानी कर्तार सिंह साहब और दूसरे साहबान यहां पर तशरीफ लाये और बातचीत करते रहे। हम सबों से भी और सरदार पटेल से भी बातचीत करते रहे। जब सरदार पटेल से उनकी बातचीत खत्म हुई तो सिखों ने आखिरी बात कही कि सिखों के अन्दर जो चार डिप्रेस्ड क्लासेज हैं उन को वही हुकूक दिये जायें जो कि हिन्दू डिप्रेस्ड क्लासेज को दिये जाते हैं। यह उन की डिमान्ड थी। यही एक डिमान्ड थी बाकी सब बातों का फैसला हो चुका था। सरदार पटेल ने उन की यह आखिरी डिमांड भी मंजूर कर ली कि आप यह डिमान्ड क्यों मांगते हैं। इस पर उन्होंने एक रेजोल्यूशन रखा। मैं ने उस वक्त इस रेजोल्यूशन पर एक ऐमेन्डमेन्ट रखा। सरदार साहब ने फरमाया कि अव्वल सवाल तो यह है कि हिन्दुओं में तो डिप्रेस्ड क्लासेज हैं, लेकिन सिखों, मुसलमानों, और क्रिश्चियनों में डिप्रेस्ड क्लासेज होती ही नहीं हैं। इसी बात पर राउंड टेबल कान्फरेन्स पर बड़े जोर शोर से तकरीरें हुई थीं कि हिन्दुओं के अन्दर डिप्रेस्ड क्लासेज हैं लेकिन हमारे अन्दर नहीं हैं। चुनांचे जब रेजोल्यूशन आया तो सरदार साहब ने कहा कि आज आखिरी झगड़ा तय हो गया, अब हिन्दू और सिखों का कोई झगड़ा नहीं बाकी रहा। इसलिये इस बिना पर मैं ने भी अपना ऐमेन्डमेन्ट वापस ले लिया। इस के बाद हमारे ज्ञानी कर्तार सिंह जी और डा० गोपी चन्द भार्गव पटेल साहब के मकान पर गये। उन्होंने उन से बातचीत की और ज्ञानी कर्तार सिंह साहब से पूछा कि बतलाओ तुम्हारी कोई और डिमान्ड है? ज्ञानी कर्तार सिंह ने कहा कि हमारी सारी डिमान्ड्स खत्म हो चुकीं, हमारा सारा झगड़ा खत्म हो चुका, इस के बाद मास्टर तारा सिंह को . . .

श्री अजित सिंह (कपूरथला-भटिंडा—रक्षित—अनुसूचित जातियां): आप भूल चुके हैं कि ज्ञानी कर्तार सिंह उस वक्त शेड्यूल्ड कास्ट्स को रिप्रेजेन्ट नहीं करते थे।

Mr. Chairman: Unless the hon. Member gives way there cannot be any interruption like that.

पंडित ठाकुर दास भार्गव: मैं वाकयात के बरखिलाफ कुछ नहीं कहूंगा, सभी कुछ सच कहूंगा। आप मुलाहजा फरमायें कि उस वक्त मास्टर तारा सिंह साहब कैद में थे उन को रिहा किया गया उन को कार के जरिये बुलाया गया और कहा गया कि आप चीफ मिनिस्टर पंजाब के पास चलिये। वह डा० गोपी चन्द के पास तशरीफ ले गये और दोनों की बातचीत हुई। डा० गोपी चन्द ने मास्टर तारा सिंह से पूछा कि बतलाइये अब आप और क्या चाहते हैं? मास्टर जी ने फरमाया कि सर्विसेज में हमें कम जगह दी गई हैं, मैं इस से सन्तुष्ट नहीं हूं। सिखों को पूरी सर्विसेज मिलनी चाहियें और हमारी कोई डिमांड बाकी नहीं। डा० गोपी चन्द ने कहा कि सिखों को सर्विसेज

[पंडित ठाकुर दास भार्गव]

तो पूरी मिली हुई हैं, मैं आप के पास इस का सारा नक्शा बनवा कर भेज दूंगा । चुनांचे हरकिशन सिंह साहब की खिदमत में सर्विसेज का नक्शा भेजा गया और मास्टर जी को इत्मीनान कराया गया और मास्टर जी ने तसलीम कर लिया कि अब सब डिमांड खत्म हो गई हैं । यह सन् १६४८ की बात है । इसके बाद किसी किस्म का कोई झगड़ा नहीं हुआ । मैं फिर बतलाना चाहता हूं कि हिन्दू और सिख अलग अलग नहीं हैं यह दोनों ही ऐसे हैं जैसी उंगली और उसका नाखून हैं जिन को आप अलग नहीं कर सकते । जैसा कि मास्टर तारा सिंह ने कहा है यह दोनों एक पेड़ की दो शाखायें हैं । इन को अलग-अलग नहीं किया जा सकता है । अगर एक को दूसरे से अलग कर दिया गया तो किसी को भी कोई फायदा नहीं होगा ।

मैं एक कहानी सुनाना चाहता हूं और मैं चाहता हूं कि इस को सुनाने के लिए यह भवन दो मिनट का वक्त दे । जब इस चीज का फैसला हो चुका तो वजारत तबदील हो गई और वजारत के तबदील होने के बाद ज्ञानी करतार सिंह और सच्चर साहब के दर्म्यान एक पोलीटिकल फैसला हुआ जिस को कि बाद में सच्चर फार्मूला कहा गया इसको पंडित नेहरू की मंजूरी भी हासिल हो गई । फार्मूला यह था कि जो लोग हिन्दी स्पीकिंग एरिये में रहते थे उन के बच्चों को पंजाबी पढ़नी पड़ेगी और जो लोग पंजाबी स्पीकिंग एरिया में रहते थे उनके बच्चों को हिन्दी सीखनी पड़ेगी । यह फार्मूला सच्चर साहब ने सिख भाइयों से अपनी वजारत को कायम करने में मदद लेने के लिये किया । इस फार्मूले के बारे में वहां के गवर्नर ने दूसरे लोगों के इलावा मुझे भी बुलाया और मुझे इसके बारे में अपनी राय देने के लिए कहा । मैं ने कहा यह चीज गलत है । और हरियाना प्रान्त के लोग इस को नहीं मानेंगे । मैं ने एक चिट्ठी भी फारमूला के विरोध में सरदार पटेल व पंडित नेहरू की सेवा में भेजी जिस में उन से कहा कि आप हमारे इलाके के ऊपर पंजाबी को बेवजह क्यों लादना चाहते हैं । हमारा इलाका तो कांस्टीट्यूशन की दफा १४ की रू से अगर कोई आदमी मेरठ में बसता है तो उसपर पंजाबी पढ़ने की जिम्मेवारी नहीं तो रोहतक हिसार के रहने वाले पर क्यों हो ? गुरुमुखी सीखने के लिए क्यों मजबूर करते हैं । मैं ने यह सोच कर कि इस में कोई तबदीली होगी यह चिट्ठी लिखी थी । इस चिट्ठी की कोई परवाह नहीं की गई । यह फैसला यानी फारमूला हम पर लाद दिया गया । इस पर हमारे सिख भाई बहुत खुश हुए । इसमें हमें बहुत दुख हुआ लेकिन फिर फैसला भी हम ने यह किया कि क्योंकि हम अपने सिख भाइयों के साथ रहना चाहते हैं, हम अपने चचा सिखों के साथ रहना चाहते हैं, हम ने पंजाबी पढ़ना मंजूर कर लिया । हम ने इसके बाद अपने बच्चों को पंजाबी पढ़वानी शुरू कर दी । ऐसा करना हमने इसीलिए तय किया कि हमें एक साथ रहना एक साथ मरना है हिन्दुओं और सिखों ने मिल कर पार्टिशन के दिनों में खून बहाया और इस को मान ही लिया जाना चाहिये । हम ने कोई झगड़ा खड़ा नहीं किया । यह फार्मूला सारे पंजाब पर लागू हो गया । अब फिर हमारे भाइयों की शिकायत है कि यह फार्मूला इफेक्टिव नहीं रहा । यह शिकायत दुरुस्त है या गलत है मैं कुछ नहीं कह सकता । मैं तो इतना ही कह सकता हूं कि हमारे एरिया के स्कूलों में हमारे बच्चों को अब पंजाबी पढ़ाई जाने लग गई है । मुझे स्कूलों का तजुबा है, और मैं आप को बता सकता हूं कि अंग्रेजों के जमाने में जब कि पंजाब में उर्दू और हिन्दी दोनों जबानें हुआ करती थीं हमारे इलाके में पचास स्कूलों में एक एक मास्टर फी स्कूल के हिसाब से यह दोनों जबानें ढाई बरस में पढ़ा दी जाती थीं और लड़के चार जमायत पास कर लिया करते थे । इसमें कोई दिक्कत की बात नहीं थी ।

इस के बाद अब मैं सन् १९५१ की सेंसस पर आता हूं । इस सेंसस में हमारे पंजाबी भाइयों ने इतनी ईमानदारी बरती कि उन घरों में जहां पर पंजाबी बोली जाती थी, उन्होंने भी अपनी जबान हिन्दी लिखानी शुरू कर दी । इस पर सिखों को बहुत रंज हुआ और ठीक हुआ । हमारे सिख भाइयों ने इसके बाद यह किया कि गरीब अछूत भाइयों के घर गए और उन को डराना धमकाना शुरू कर दिया और उन को मजबूर किया कि वह पंजाबी अपनी लिपि लिखायें । जिन्होंने हिन्दी लिखाई उनमें से बहुतों का तो इन्होंने खाना पीना बन्द कर दिया और तरह तरह की उन पर सख्तियां कीं । यह शिकायत मेरी नहीं है । आप पंजाब असेम्बली की प्रोसीडिंग्ज को देखें तो आपको पता लग जायेगा कि वहां एक अछूत मैम्बर ने खुद इस बात की शिकायत की है । सिर्फ उस ने ही नहीं बल्कि एक सिख मैम्बर ने भी इस की ताईद की है । मैं ने एक कानून की किताब में रूलिंग पढ़ा था और उस में लिखा था कि एक शख्स ने आंख उठा कर देखा; दूसरे ने गाली दी, एक ने मुक्का मारा, दूसरे ने थप्पड़ मारा, उसने लाठी मारी, दूसरे ने पिसतौल चला दी, उस ने राइफल का इस्तेमाल किया । अब सवाल सिर्फ यह था कि प्रोवोकेशन हुआ तो किस की तरफ से । मैं अर्ज करना चाहता हूं कि झगड़ा चला किस तरफ से पहल हुई अब यह कौन बताये । सरदार हुक्म सिंह का पैम्फलेट मेरे पास है और इसमें उन्होंने खुद तसलीम किया है और मेरा खयाल है कि वह अब भी इस बात को तसलीम करेंगे इस झगड़े के होने से पहले सारा मामला शान्त था । इसमें पंजाबी सूबे की मांग का भी कोई जिक्र नहीं था । यह पंजाबी सूबे की मांग हिन्दू भाइयों के रवय्ये के खिलाफ गुस्से की उपज है । मैं अदब से अर्ज करना चाहता हूं कि इस में सिखों और हिन्दुओं का दोष नहीं है इस में सैंट्रल गवर्नमेन्ट और पंजाब गवर्नमेन्ट ने भी बहुत पार्ट प्ले किया है । मैं क्यों सिर्फ सिखों को या पंजाबी या जालंधर डिवीजन के हिन्दुओं को दोष दूं । इस मौजूदा सिचूएशन के लिए सैन्ट्रल गवर्नमेन्ट और पंजाब गवर्नमेन्ट की गलत पोलिसी भी जिम्मेवार है । इसमें सैंट्रल गवर्नमेन्ट ने अरसे से जो रवैय्या अख्तियार किया है वह भी इस के लिए पूरे तौर से जिम्मेवार है । जिस तरह से सैंट्रल गवर्नमेंट ने रवैय्या अख्तियार किया है उस से तो कोई भी सरकार पंजाब में ठीक तरह से काम नहीं कर सकती । मैं अदब से पूछना चाहता हूं कि जब अंग्रेजों का जमाना था सेन्ट्रल मिनिस्ट्री में executive councillor हमेशा मुसलमान होते थे सर मुहम्मद शफ़ी, फजले हुसेन जफ़रउल्लाह वगैरा लेकिन हमारी आजाद सरकार की सेक्यूलर पालिसी को देखिये कि सिर्फ अब सिख ही सेन्ट्रल गवर्नमेन्ट में मिनिस्टर ते हैं हिन्दू नहीं बन सकते । दूसरी पालिसी देखिये । पंजाब में हिन्दू ही चीफ मिनिस्टर बन सकता है सिख नही । कोई सिख चीफ़ मिनिस्टर नहीं बनाया गया है । क्या यह सच नहीं है कि कैरों साहब के पीछे चलने वाले ज्यादा मेम्बरान थे तो भी सच्चर साहब को चीफ मिनिस्टर बनाया गया । मैं बड़े अदब से पूछना चाहता हूं कि क्यों किसी सिख को चीफ मिनिस्टर नहीं बनाया गया है । क्या उस को इसीलिये नहीं बनाया गया है कि हम को उन पर विश्वास नहीं है । अगर ऐसी ही बात है हम कैसे कह सकते हैं कि सिखों को भी गवर्नमेंट और हिन्दुओं पर विश्वास हो । किस तरह से इन हालात में माइनोरिटीज को एतबार हो सकता है कि उनके साथ इन्साफ हो सकता है । पंजाब मिनिस्टर्ज व एसेम्बली मेम्बरान की कैफियत सुनिये मेम्बर साहबान मिनिस्ट्रों के घर जा कर एसेम्बली के इजलास के दिनों में ठहरते हैं उनके घर रोटी खाते हैं और उन के दबाव में रहते हैं और मिनिस्टर साहबा न उन सबको खुश करने में लगे रहते हैं । यह है छोटे से सूबे होने

[पंडित ठाकुर दास भार्गव]

का नुकसान। कौन पंजाब की पब्लिक की आवाज सुनता है। बताओ देश में इत्मीनान व तसल्ली व विश्वास कैसे हो।

सरदार हुक्म सिंह : ड्रायर लिंग्ज को निकाल दो।

पंडित ठाकुर दास भार्गव : आप किसी को निकालने की बात कहते हैं तो मैं हर एक पंजाबी भाई को बुरा हो या भला छाती से लगा कर रखूंगा और जबरदस्ती अपने साथ रखूंगा इनको मैं कभी अलग नहीं होने दूंगा। गो मैं जानता हूं आज कोई यह नहीं कह सकता कि पंजाब में हकूमत है कोई विश्वसनीय। पीछे थोड़ी देर हो हुई है कि हमारे १०,००० सिख भाइयों को इस अविश्वसनीय हकूमत ने कैद कर दिया था। जिस दिन स्लोगंज पर बैन लगा तो मैं यकीन नहीं कर सकता था कि कोई जिम्मेवार हकूमत ऐसा हुक्म दे सकती है। इस से मुझे बहुत दु:ख हुआ। इस के बाद जब मैं ने सुना कि सरदार हुक्म सिंह को भी गिरफ़्तार कर लिया गया है तो मेरे दुख की इंतिहा न रही कि ऐसे मान्य बुजुर्ग को जब वह फैसला कराने गए गिरफ्तार कर लिया गया— इतना ही नहीं सिख भाइयों के गुरू द्वारे के sanctus sanctoram में जिस के लिये हिन्दुओं के दिलों में कम इज्जत नहीं पुलिस दाखिल करदी गई और फिर गवर्नमेंट ने गिड़गिड़ा कर मुआफी मांगी। यह चीजें अतीव दुखदायक हैं। हमारे दो लीडर दिल्ली में बैठे हुए हैं जो पंजाब के मिनिस्ट्रों के बाहमी झगड़ों का फैसला ही कराते रहते हैं, एक तो पंडित नेहरू साहब हैं और दूसरे मौलाना आजाद साहब हैं। ये दोनों पूजनीय हस्तियां हैं हम उनकी नेक सलाहों के तो मशकूर हैं। लेकिन इस तरह के सिस्टम और कार्रवाई ही सारे झगड़े व खराबी को जिम्मेवार है। हमारे मिनिस्टर की दिली कदूरत दूर नहीं होती है लेकिन इन बड़ी हस्तियों के डर से ऊपर से कह दिया जाता है कि फैसला हो गया अब कोई मतभेद बाकी न रहा। पंजाब के सारे लोग, हिन्दू और सिख दोनों ही, यह महसूस करते हैं कि पंजाब में कोई जिम्मेवार हुकूमत नहीं है। कोई देश की तरफ नहीं देखता। वहां पर प्राविंशल आटोनोमी का नाम नहीं है। हम लोग सारे फ्रस्टरेटिड हैं, हिन्दू भी और सिख भी। अगर सब नहीं तो हरियाना के लोग तो बड़े फ्रेस्टरेटिड हैं। कोई फर्म पोलिसी नहीं, कोई इनसाफ नही। मैं पूछना चाहता हूं कि ऐसी सूरत में किस को दोष दूं। मेम्बरान एसेम्बली खुद फरस्ट्रेटिड हैं, और दूसरों पर क्या असर डाल सकते हैं। दूसरी तरफ वह तो इरिमूवेबल एग्जेक्टिव (irremovable executive) है। थोड़े दिन हुए पंजाब की मिनिस्ट्री गलत पालिसी से तंग आकर पंजाब के लेजिस्लेटर्ज दिल्ली आये थे, उनको डरा धमका कर वापिस भेज दिया गया। यह सेंट्रल हकूमत का हाल है। मैं सिखों को क्या कहूं और हिन्दुओं को क्या कहूं। जनता महा दुखी है और पंजाब सरकार व सेंट्रल सरकार की पालिसी undemocratic है, कमजोर है ऐसी हालत में अगर हिन्दू सिखों में अविश्वास होना अनिवार्य है क्या ताज्जुब है कि सिख सूबे की डिमांड पैदा हो और आपस में मेल न रहे।

अब मैं वह एक दूसरे नमूने का नया नक्शा पेश करना चाहता हूं और मैं दरख्वास्त करता हूं कि यह हाउस उसका बड़े ध्यान से मुलाहिजा फरमाये और जो मैं कहने जा रहा हूं उसको जरा अपने दिल पर हाथ रख कर सुने। जालंधर डिविजन के लोग जिस के अन्दर हिन्दू और सिख दोनों शामिल हैं उन को कितनी जगहें मिली हुई हैं इसका हाल मैं आपको सुनाना चाहता हूं। पंजाब के सेंट्रल मिनिस्टर्ज दो हैं और दोनों ही जालंधर डिविजन के हैं। पंजाब कैबिनेट में आठ मिनिस्टर्ज हैं उन में से सात जालंधर डिवीजन के हैं और एक हरियाना प्रान्त का

स्पीकर और चेयरमैन पंजाब असेम्बली के दोनों के दोनों जालंधर डिविजन के हैं। हाई कोर्ट के जजिज सब जालंधर डिविजन के हैं। पब्लिक सर्विस कमिशन के तीन मेम्बर हैं, तीनों जालंधर डिविजन के हैं। स्बार्डिनेट सर्विस कमिश्न के तीन मैम्बर हैं तीनों जालंधर डिविजन के हैं।

पंजाब से कौंसिल आफ स्टेट के लिये चुने गये आठ के आठों मेम्बर जालंधर के हैं। यहां पर लेजिस्लेटिव कौंसिल के १८ नामिनेटेड मेम्बरों में से सिर्फ दो हरियाना प्रान्त के हैं। पंजाब से चुने गये लोक-सभा के मेम्बरों में से सिर्फ चौधरी रनबीर सिंह और मैं, दो मेम्बर, हरियाना प्रान्त के हैं, बाकी दूसरी जगहों के हैं।

श्री टेकचन्द (अम्बाला-शिमला) : मैं अम्बाला से चुना गया हूं।

पंडित ठाकुर दास भार्गव : आप अम्बाला के हैं, लेकिन आप भी उसी क्लास के हैं। हरियाना प्रान्त में नहीं मिले जुले इलाके के हैं। विधान सभा के कमेटी के मेम्बर्ज में १६ जालंधर के हैं और चार हरियाना प्रान्त के। गवर्नमेंट नामिनेटेड कमेटी मेम्बर्ज में दो जालंधर के हैं और हरियाना प्रान्त का कोई नहीं है। आई० सी० एस० और आई० ए० एस० में २४ आदमी हैं और सब के सब जालंधर के हैं। सेक्रेटरी, डिप्टी सेक्रेटरी, अंडर सेक्रेटरी और असिस्टेंट सेक्रेटरी १५ हैं और सब के सब जालंधर के हैं। हैड्ज आफ दी डिपार्टमेंट २० हैं और दो को छोड़ कर सब जालंधर के हैं। वहां पर डिप्टी कमिश्नर १३ हैं और सब के सब जालंधर डिविजन के हैं। सुपरिन्टेंडेंट आफ पुलिस २० हैं और सब के सब जालंधर डिविजन के हैं। गजेटिड आफ़िसर्ज ३४८ हैं और उन में से सिर्फ ४० हरियाना प्रान्त के हैं।

My hon. friend, the Raja of Bilaspur, stated something about territory. Let him please understand that we are not neglecting this territory at all, because what we are fighting against is backwardness of all parts of the country, be it educational backwardness, social backwardness or economic backwardness. That is the reason why we are anxious to bring all these parts together. I am happy that as a result of this memorable debate, Government will have very good material for studying the whole question and coming to a right conclusion.

सरदार इकबाल सिंह : साहबे सदर, स्टेट्स रिआर्गेनाइजेशन कमिशन ने जो फैसले किये हैं उससे पहले उन्होंने अपने तौर पर कुछ नियम बनाये, कुछ उसूल वाजेह किये कि किस ढंग से वे इन स्टेटों को बनायेंगे। मैं उन उसूलों के मुताबिक कहना चाहता हूं कि उन उसूलों को जिनको मैं ने नहीं बनाया और किसी और ने भी नहीं बनाया बल्कि जिनको स्टेट्स रिआगनाइजेशन कमीशन ने बनाया है, उनको पंजाब पर कैसे लागू नहीं किया गया। साहबे सदर, आप जानते हैं कि अगर पंजाब के लोगों को बड़ी से बड़ी कुर्बानी करनी पड़े तो वे उससे गुरेज नहीं करेंगे और जब जब हिन्दुस्तान को जरूरत पड़ी है तो पंजाब वालों ने और बंगाल वालों ने बड़ी से बड़ी कुर्बानियां की हैं, जिनके बारे में मैं कुछ कहना नहीं चाहता क्योंकि वे तारीख की चीज बन चुकी हैं। लेकिन आज मैं आपके जरिये सिर्फ यह कहना चाहता हूं कि जो उसूल सारे हिन्दुस्तान के दूसरे प्रदेशों के बटवारे के लिये लागू किये गये वे पंजाब के लिये क्यों नहीं लागू किये गये। चाहे उन उसूलों के मातहत पंजाब छोटा बनता या बड़ा बनता इस से कोई फर्क नहीं पड़ता लेकिन जो उसूल सारे हिन्दुस्तान पर लागू किये गय हैं उनको पंजाब पर और महाराष्ट्र पर जो कि हिन्दुस्तान के दो मजबूत

[सरदार इकबाल सिंह]

सूबे हैं क्यों नहीं लागू किया गया । यह inconsistency (फ़रक) थी और यही वजह थी कि आज पंजाब का मामला कांग्रेस हाई कमांड के पास ज़ेरे गौर है और उसका कोई हल होता नज़र नहीं आ रहा है । बम्बई का मामला तो हल होने के क़रीब है लेकिन पंजाब का मामला हल होता नज़र ही नहीं आता और इसकी सबसे बड़ी वजह यह है कि पंजाब के मामले को इस ढंग पर टाला गया है कि उसका कोई हल ही नज़र नहीं आता और ज़ाहिर है कि जब तक आप इस मसले पर सही तौर से नहीं चलेंगे और सही उसूल अख्तियार नहीं करेंगे, यह मसला हल होने वाला नहीं है ।

साहबे सदर, आप देखें कि कमिशन की रिपोर्ट में साफ़ लिखा है कि कोई सूबा बनाने के लिये लैंग्वेज (बोली) और कल्चर (संस्कृति) को आधार मानना चाहिये । मैं अपने दोस्तों से पूछना चाहता हूं कि आपने पंजाब के बारे में पंजाब की लैंग्वेज (बोली) और पंजाबी कल्चर (संस्कृति) को क्यों भुला दिया है । यहां पर यह कहा गया है कि पंजाब का कोई रीजन नहीं है । मैं अपने उन भाइयों से आपके ज़रिये कहना चाहता हूं कि हमारे दो राष्ट्रीय गान हैं, बन्दे मातरम और जन मन गण, और उसमें पंजाब का रीजन एक रीजन के तौर पर आता है । मेरी समझ में नहीं आता कि जब कौमी गानों में पंजाब का ज़िकर एक रीजन के तौर पर आता है तो उसको क्यों नहीं रीजन तसलीम किया जाता । जहां तक पंजाबी बोली का सवाल है उसके बारे में भी मैं आपको अपने भारतीय संविधान का हवाला देकर बतलाना चाहता हूं और जिसको कि आपने भी पढ़ कर सुनाया है और उसमें वाज़े तौर पर कहा गया है कि हर रीजनल लैंग्वेज की अपनी स्क्रिप्ट (लिपि) होगी और अपनी बोली होगी और सरकार का यह कर्त्तव्य होगा कि उस बोली और स्क्रिप्ट (लिपि) को बढ़ाने का प्रयत्न करे ताकि वह भाषा और लिपि फले फूले और आगे बढ़े । लेकिन पंजाब के ऊपर जब कमिशन ने ग़ौर किया तो उसने संविधान में दिये हुये इस मसले को नज़रअंदाज़ कर दिया और पंजाबी गुरुमुखी स्क्रिप्ट (लिपि) को मान्यता नहीं दी । मेरी शिकायत यह है कि कमिशन ने पंजाबी भाषा और उसकी लिपि के साथ इंसाफ नहीं किया है और जो सिद्धान्त उसने दूसरे सूबों की ज़बानों और लिपियों के बाबत अपने सामने रक्खा है, उसको पंजाब पर गौर करते समय अपने सामने से हटा दिया है और यही वजह है कि पंजाब का मसला हल नहीं हो पा रहा है । मैं कहता हूं कि जब बंगाल के तक़सीम होने के बाद उसकी बोली नहीं बदली और बंगाली भाषा अपनी जगह पर क़ायम रही तो क्या वजह है कि पंजाबी भाषा जो कि पंजाब के हिन्दुओं और सिक्खों की मादरी ज़बान है उसको वही दर्जा नहीं दिया जा रहा है यह इतराज़ सिक्खों पर किया जाता है कि सिक्ख सम्प्रदायवादी हैं जब कि वाक़यात इसके बरअक्स हैं ।

कम्युनल सिक्ख लोग हुये या वह लोग जिन्होंने कि पंजाबी को नहीं माना ? हिन्दू और सिक्ख एक साथ पंजाब के घरों में पंजाबी बोलते हैं और उसको सीखते हैं लेकिन हमने देखा कि जब उनसे पूछा गया कि तुम्हारी मादरी ज़बान क्या है तो चन्द भाइयों ने कहा कि हमारी मादरी ज़बान हिन्दी है और यह इसलिये हुआ कि

चन्द फ़िरक़ापरस्त और सरमायादार लोग ऐसा चाहते थे। यह कहना बिलकुल हक़ीक़त से इंकार करना है कि पंजाब में एक बड़ी सब्सटैंशियल माइनारिटी पंजाबी को अपनी मादरी ज़बान नहीं मानती और जैसा मैंने कहा कि वहां पर लोगों ने जो पंजाबी बोली को अपनाने से इंकार किया है उसके पीछे वह फ़िरकेदाराना ज़हनियत काम कर रही थी जिसने लोगों से यह गलत बयानी करवाई। यह जो आप सब्सटैंशियल माइनारिटी की बात कहते हैं, तो मैं आपसे पूछना चाहता हूं कि अगर कल को किसी सूबे की सब्सटैंशियल माइनारिटी यह कहे कि हम देश के कांस्टीट्यूशन को नहीं मानते, देश की सक्युलेरिज्म को नहीं मानते और हम हिन्दी को हिन्दुस्तान की कौमी ज़बान नहीं मानते तो क्या आप उनकी बात को मान लेंगे। मेरा कहना यह है कि यह ग़लत बयानी वहां के हमारे भाइयों से फ़िरकापरस्त आदमियों ने करवाई और यह उन सरमायादार अखबारों के ज़हरीले प्रोपेगेंडा का असर था, यह वही अखबार थे जिन्होंने कि इस देश में पाकिस्तान को बनाया और इस देश को तक़सीम करवाया और आज यह लोग पंजाब को फिर तक़सीम कराना चाहते हैं। साहबे सदर, मेरा कहना यह है कि जहां तक लैंग्वेज और बोली का सवाल है, पंजाब एक अलहदा रीजन है और अलहदा इलाक़ा है और यहां पंजाबी बोली जाती है और यह आपका, इस हाउस का और सारे देश का फ़र्ज़ है कि पंजाब के बारे में भी उसी लैंग्वेज (बोली) और कल्चर (संस्कृति) को आधार बना कर फैसला किया जाये और पंजाब के साथ यह कह कर कि उसकी कोई अपनी बोली नहीं, तहज़ीब नहीं, नाइंसाफ़ी की जा रही है उसको दूर करें और यक़ीन मानिये कि आप के ऐसा करने से आप पंजाब को और सारे मुल्क को मज़बूत करेंगे। मेरी शिकायत इस कमिशन से यह है कि उसने पंजाब के मसले को सही तौर पर टैकिल नहीं किया है और यही वजह है कि पंजाब का मामला अभी तक सुलझ नहीं पाया है और हाई कमांड के सामने पेश है और मैं चाहता हूं कि पंजाब का सवाल ठीक और मुनासिब तौर पर हल हो जाय और यह न बिगड़े और पंजाब जो कि हिन्दुस्तान में एक शक्तिशाली प्रदेश है और शक्तिशाली प्रान्त है, उसमें हालात खराब न हों और वह यूनाइटेड रहे।

आप पंजाब के लोकगीतों को देखें, गानों को देखें और नाचों को देखें और आप पायेंगे कि जिस तरह से और प्रान्तों के अलग क़िस्म के नाच, गाने और लोकगीत होते हैं, उसी तरह से पंजाब के भी अपने अलग लोकगीत, नाच और गाने हैं और आप यह कैसे कहते हैं कि पंजाब एक रीजन नहीं है? हमारे कुछ दोस्त हिन्दी का नाम लेकर हिन्दुस्तान के बहुत बड़े आदमियों की हमदर्दी हासिल करना चाहते हैं और पंजाबी जो कि वहां की रीजनल बोली है उसको नुक़सान पहुंचाना चाहते हैं और वह कहते हैं कि हिन्दी हिन्दुस्तान की क़ौमी ज़बान है और कहते हैं कि यह हर रीजन की ज़बान है। मेरा कहना कि हमें हिन्दी से मुख़ालफ़त नहीं है और ज़ाहिर है कि जो भी पंजाब का प्रदेश बनेगा उसमें हिन्दी को लाज़िमी जगह हासिल होगी और पांचवीं जमात के बाद हर एक को हिन्दी पढ़नी पड़ेगी जो पंजाबी पढ़ता है उसको और जो नहीं पढ़ता है उसको भी लेकिन इन फ़िरक़ापरस्तों का तो हिन्दी का नाम लेने के पीछे मक़सद पंजाब की जो पंजाबी ज़बान है

[सरदार इकबाल सिंह]

उसको नुक़सान पहुंचाना है और उसको उसका उचित दर्जा हासिल करने से रोकना है। इसलिये साहबे सदर, मैं चाहता हूं कि इस सवाल पर गम्भीरता से विचार किया जाये और पंजाबी ज़बान के साथ जो नाइंसाफ़ी बर्ती जा रही है उसको दूर किया जाय।

इसके अलावा दूसरी बात जो मैं कहना चाहता हूं वह यह है कि कमिशन ने यह सिद्धान्त स्थिर किया है कि जो सूबा बनेगा वह वहां के लोगों की ख्वाहिशात को मद्देनज़र (keeping in view) रखते हुये बनाया जायगा और लोगों की ख्वाहिशात के खिलाफ कोई सूबा नहीं बनाया जा सकता। तो मैंने आपको पहले ही बतला दिया कि किस तरह से पंजाब के हमारे चंद भाइयों को फ़िरकेदाराना जहनियत के मातहत ग़लत रास्ते पर ले जाया गया है। इस झगड़े के हल के वास्ते आप देखें कि वहां की जो नुमायन्दा जमातें हैं उनकी क्या राय है। कांग्रेस पार्टी की क्या राय है? और कम्युनिस्ट पार्टी जो आल इंडिया पार्टी है उसकी क्या राय है?

सोशलिस्ट पार्टी पंजाब के इस हल के खिलाफ है, और एक पार्टी है जिसके कई नुमाइन्दे यहां बोले, वह जन संघ है, वह इस के हक में है। लेकिन पंजाब की ऐसेम्बली में कितने मेम्बर जन संघ के हैं? एक भी नहीं। पेप्सू में कितने मेम्बर हैं? एक भी नहीं। हिमाचल प्रदेश में शायद एक आध हैं। इसलिये मैं यह कहना चाहता हूं कि जहां तक पार्टीज का सवाल है वह सब इस हल के खिलाफ हैं? पंजाब की दूसरी पार्टियों के बारे में अब देखिये। वहां पर अकाली पार्टी है, वह इस हल के खिलाफ है, गांधी जनता पार्टी है वह इस हल के खिलाफ है, जो और छोटी छोटी पार्टीज हैं वह भी खिलाफ हैं। हरियाना प्रान्त वाले हरियाना का अलग प्रान्त चाहते हैं। मैं पूछना चाहता हूं कि आखिर इस हल के हक में कौन है? हां, जो आदमी यहां से अखबार निकालते हैं और बड़े बड़े हाशिये देते हैं कि पंजाब को दुबारा तबाह किया जाय वही इस के हक में हैं।

यहां लोहारू का सवाल किया गया, पंचायतों का नाम लिया गया। मैं कहता हूं कि एलैक्टेड रिप्रेजेन्टेटिव (चुने हुय नुमाइन्दे) जो कि ऐसेम्बली में हैं, उन की लिस्ट मेरे पास है। पंजाब, पेप्सू और हिमाचल प्रदेश में १३८ मेम्बर बोले हैं। उन में से ९१ आदमियों ने कहा है कि यह पंजाब का सही हल नहीं है। पांच आदमी ऐसे थे जिन्होंने कहा कि हम कोई राय नहीं देते, चार आदमी ऐसे थे जिन्होंने कहा कि जो कुछ कांग्रेस हाई कमान्ड कहेगी हम उस को मंजूर करेंगे। १३८ में से सिर्फ ३० आदमी थे जो यह कहते थे कि हम इस हल के हक में हैं। तो मैं पूछना चाहता हूं कि मैजारिटी कहां है? जिस तरह से हम कह सकते हैं कि हम पब्लिक के नुमाइन्दे हैं, उसी तरह से उन को भी यह कहने का हक है कि वह पंजाब, पेप्सू और हिमाचल प्रदेश की ऐसेम्बली के मेम्बारन इस कान्स्टिट्यूशन के मुताबिक जो कि एक फैडरल कान्स्टिट्यूशन है, पब्लिक के नुमाइन्दे हैं। लेकिन जब वह इस हल के हक में नहीं तो यत्न करना चाहिये कि पंजाब का कोई सही हल निकले जिस को सब मंजूर करें। सिर्फ इस ढंग से कह देना कि बड़ा पंजाब बने या छोटा पंजाब बने ठीक नहीं है, इस से पंजाब के लिये कोई भी फायदेमन्द हल नहीं निकल सकता।

मैं यह भी कहना चाहता हूं कि जो सूबा सरहदी सूबा बने, कुदरती तौर पर सिक्योरिटी के नुक्ते नज़र से और डिफैन्स के नुक्ते नज़र से, उसके रहने वालों की मरजी के खिलाफ नहीं बन सकता। मैं पूछना चाहता हूं कि एक बार सरहद बनने से पंजाब ने कितना सफर किया है। जब आप सरहद का नाम लेते हैं तो उन को पुराना जमाना याद आ जाता है। शहरों के बसने वाले लोग यह भूल जाते हैं कि जब तक गांवों में बसने वाले लोग कंटन्टेड (संतुष्ट) नहीं होंगे तब तक आप का काम नहीं चल सकता। आज हमारे पड़ोस में जो पाकिस्तान देश है वह कोई हमारा दोस्त नहीं है। इस लिये जो भी हल निकाला जाता है जब तक वह हल वहां के बसने वाले किसानों को संतुष्ट नहीं रख सकता है तब तक वह पंजाब का सही हल नहीं हो सकता। मैं कहना चाहता हूं कि सिर्फ इलाके की वास्टनैस (बड़ा होना) कोई खास बड़ाई की बात नहीं है, दिल की बड़ाई से असली बड़ाई हुआ करती है। आप बतलायें कि जो इलाका पाकिस्तान की हद्द के साथ मिलता है वहां के रहने वालों में से कितने आदमी इस के हक़ में हैं। अगर वह हक़ में नहीं हैं तो यह सही हल नहीं और अगर इसको जबर्दस्ती (forced) उन के ऊपर लादा गया तो मैं समझता हूं कि उस से फायदा नहीं होगा।

एक तरफ कहा जाता है कि होमोजीनिटी होनी चाहिये। रिपोर्ट के पैरा १०९ में यूनिटी के बारे में लिखा हुआ है :

"Since the unity and strength within the constituent units is a condition precedent to a healthy feeling of unity at the national level, any attempt to eliminate tensions and contradictions and to make units more homogeneous and internally cohesive is bound to strengthen the unity of the whole nation."

जो पंजाब आप बनाने लगे हैं, मैं पूछना चाहता हूं कि क्या वह इन्टर्नली (अन्दरुनी) तौर पर भी एक है? क्या वहां के लोग इस फैसले के लिये कहते हैं कि यह ठीक है? अगर नहीं कहते तो सिर्फ वास्टनैस से ही वहां का मसला हल नहीं होगा। आप अगर किसी व्यापार में ही ऐसे आदमियों को एक साथ लाना चाहें जो कि मिलना नहीं चाहते, जिन के जिस्म नहीं मिलना चाहते, तो उस का क्या नतीजा होगा? एक मिनट के लिये मान भी लें कि जो आदमी एक दूसरे के खिलाफ हैं वह इकट्ठा भी हो जांय लेकिन इस पर भी क्या वह एक साथ चल सकेंगे? आज हरियाना प्रान्त नहीं मिलना चाहता है, क्यों नहीं मिलना चाहता? उन पर जो जुल्म हुये हैं उन की वजह से नहीं मिलना चाहता हिमाचल और जलंधर डिवीजन के लोग नहीं मिलना चाहते। जब यह हालत है तो क्या मैं पूछ सकता हूं कि आखिर मैजारिटी कहां रहती है? शायद अखबारों में होंगे या कुछ थोड़े से शहरों में होंगे। मैं किसी की बुराई नहीं करना चाहता लेकिन अगर किसी वक्त देश को खतरा आ गया तो क्या शहर के लोग उस को बचायेंगे? मैं पूछता हूं कि जब हैदराबाद पर हमला हुआ था तो कितने लोग पंजाब से भागे थे? जिस वक्त काश्मीर में कान्स्टिट्यूएन्ट ऐसेम्बली बनी थी उस वक्त कितने आदमी पंजाब से भागे थे? उन्हीं के लिये आप आज कहते हैं कि यूनिटी होगी। आप उस किसान को भूल जाते हैं जिस को हर वक्त पाकिस्तान की सरहद पर हल चलाना

[सरदार इक़बाल सिंह]

हूं जिसके सामने हर वक्त पाकिस्तान का तना हुआ रिवाल्वर है । उसके लिये आप कहते हैं कि वह यूनिटी रक्खेगा और मुल्क को स्ट्रंग्थ देगा ।

मैं ज्यादा वक्त न लेता हुआ कहता हूं कि आप एकोनामिक तौर पर जो यूनिट पंजाब को बनाने लगे हैं वह ठीक यूनिट नहीं होगा । जिस वक्तहिन्दुस्तान और पाकिस्तान का बटवारा हुआ, उस वक्त पंजाब कोई सर्प्लस सूबा नहीं था, वह एक डेफ़िसिट सूबा था, उस में घाटा ज्यादा था । आज इस वजह से कि पंजाब के लोगों ने मेहनत कर के पंजाब को सर्प्लस बनाया है .आप उस को उस की मर्जी के खिलाफ बदलना चाहते हैं ? पंजाब का क्लेम ६० लाख का था उस पुलिस के लिये जो पाकिस्तान को हद्द पर रहती है, जिस को कि गवर्नमेंट आफ इंडिया को देना चाहिये था । उस को टैक्सेशन इन्क्वायरी कमिशन के सामने पंजाब गवर्नमेंट ने पेश किया । लेकिन उस को रिजेक्ट (रद्द) कर दिया गया । आज पंजाब के साथ इन्टर्नेशनल बार्डर लगता है उस को पुलिस का खर्च आखिर वह क्यों दे ?

पंजाब की आमदनी ३२ करोड़ के करीब है । उस के साथ एक बैकवर्ड इलाका हरियाना का और दूसरा बैकवर्ड इलाका हिमाचल का आप करना चाहते हैं इस से सारे पंजाब को नुकसान होगा क्योंकि उस के पास उतने साधन नहीं हैं । उन पंजाब के आदमियों का यही कसूर है कि वह ज्यादा मेहनत करते हैं । तो एक बैकवर्ड इलाके के साथ दो और बैक-वर्ड इलाके मिला दिये जायें और यह कहा जाय कि यह एक बडा यूनिट होगा और अच्छा यूनिट होगा, इस को मानने के लिये मैं तैयार नहीं हूं ।

इसके साथ ही मैं कहना चाहता हूं कि पजाब को बाईलिंग्वल स्टेटस बना दिया गया । लेकिन जब विदर्भ का सवाल आया और यह कहा गया कि विदर्भ को बम्बई में शामिल कर के एक बड़ी बाईलिंग्वल स्टेट बना दी जाये तो जबाब यह दिया गया कि बैलेन्स नहीं होगा बाईलिंग्वल स्टेट में । जब विदर्भ का बैलेन्स बाईलिंग्वल में ठीक नहीं हो सकता तो आखिर पंजाब का बैलेन्स बाईलिंग्वल में कैसे ठीक हो गया ? पंजाब का एक इलाका सर्प्लस है दूसरे दो इलाके डेफि-सिट हैं । लिंग्विस्टिकली (जबान के आधार पर भी) एक इलाका दूसरी बोली बोलता है दूसरा इलाका दूसरी बोली बोलता है, भले ही पहले एक ही बोली बोलता रहा है, लेकिन अब तो कहता है कि हिन्दी उस की जबान होगी । बहर-हाल जो इलाका कहता है मैं तो उस की बात कहता हूं । कहा जाता है कि पंजाब को यह हल मंजूर है । लेकिन किस ने मंजूर किया है ? कहीं पर आप लन्वेंज के आधार पर बैलेन्स रखना चाहते हैं और कहीं पर एकोनामी के आधार पर । एक जगह एक चीज और दूसरी जगह दूसरी चीज, यह ठीक नहीं चल सकती । कुछ आदमी अपनी बात साफ तौर से नहीं रखते हैं । उन के दिल में कुछ और बात है और मुंह पर कुछ और बात है । इसलिये मैं कोई और बात यहां नहीं कहना चाहता । हां सरदार हुकम सिंह और जो आदमी उन के ढंग से सोचते हैं उन का यह नजरिया है कि ७० परसेन्ट और ३० परसेन्ट का कोई बैलेन्स लिंविजम् से नहीं हो सकता । साथ साथ में यह भी कहना चाहता हूं कि पेप्सू में भी कोई कम्यूनिलिज्म नहीं था, वह कोई

अन्डरडवेलप्ड एरिया भी नहीं था, आज उस को लोग बैकवर्ड कहने लगे हैं। पंजाब में जो बुरी बातें हैं उन को भी आप पेप्सू के लिये इस्तेमाल करना चाहते हैं। पेप्सू को जरूर शामिल होना चाहिये, लेकिन वहां की जो अच्छी बातें हैं उन को पंजाब पर लागू करना चाहिये न कि पंजाब की बुरी बातों को पेप्सू पर लादा जाय।

मैं हरयाना की बाबत इतनी बात कहना चाहता हूं और यह कहते हुए मेरे दिल में किसी के लिए डिसरिस्पेक्ट नहीं है। जिस इलाके के ५० मेम्बरों में १७ वह हों जोकि दूसरे इलाके से खड़े हुये हों और जो यह सोचते हैं कि उनके इलाके की आवाज सुनी जाये तो यह कैसे मुमकिन हो सकता है। हरियाना प्रान्त के लोगों ने एक साथ मिल कर यह कहा कि हम पंजाब के साथ रहना नहीं चाहते। इसकी किसी ने वजुहात सोचने की कोशिश नहीं की कि वह क्यों रहना नहीं चाहते। जब वे ही पंजाब में नहीं रहना चाहते तो फिर उन को कैसे मजबूर कर के रखा जा सकता है।

जो मैं सब से जरूरी बात कहना चाहता हूं वह यह है कि पंजाब एक यूनिलिंगुअल सूबा होना चाहिए। छोटा हो या बड़ा इससे मुझे कोई वास्ता नहीं है। अगर पंजाबी और हिन्दी दोनों बहनें हैं तो फिर क्या वजह है कि पंजाबी को पंजाब की रीजनल भाषा न रखा जाए। अगर किसी दूसरी जबान बोलने वाले प्रदेश को पंजाब के साथ मिलाना है बेशक मिलायें और इसी वजह से उसे बाई-लिंगुअल सूबा बनाना है इस से जो पंजाबी जबान है और जो पंजाब की रीजनल लेंगुएज है उस को डिवेलेप होने का मौका मिलना चाहिये। हिन्दी एक नैशनल लेंगुएज बनी है और इस वजह से वह पंजाबी को ओवर-शैडो कर देगी। हिन्दी को अपना थान मिला है और पंजाबी को अमता। अगर आपने पंजाबी को खत्म करना है तो आप बाई-लिंगुअल सूबा बना सकते हैं। मैं यह नहीं कहता कि यह इलाका इस में जरूर शामिल किया जाए और यह न किया जाए। जो इलाके पंजाब से अलहदा होना चाहते हैं वह अलग हो जायें, जो साथ रहना चाहते हैं वह साथ रहें। आप चाहें पंजाब को एक बड़ा सूबा बनायें चाहे छोटा इस से मुझे कोई ताल्लुक नहीं है। मैं तो यही चाहता हूं कि पंजाब की बोली पंजाबी हो और पंजाब एक यूनी-लिंगुअल सूबा बने। अगर कोई कहे कि हिन्दी को रीजनल जबान बनाया जाये तो इसमें बेहतरी नहीं होगी। हिन्दी एक नैशनल लैंगुएज है और इस को एक बहुत ऊंचा दर्जा प्राप्त हुआ है, मैं इस को मानता हूं। लेकिन जो रिजनल लेंगुएज है वह भी बहुत जरूरी है और जो दर्जा एक रीजनल लेंगुएज को दिया जाता है वही पंजाबी को भी दिया जाना चाहिए। जिस चीज की मुझे शंका है वह यह है कि हिन्दी पंजाबी को ओवर-शैडो न करे और मैं चाहता हूं कि पंजाब की रीजनल जबान पंजाबी ही हो। अगर ऐसा न हुआ तो कोई भी मसला पंजाब का हल नहीं हो सकता। हम नहीं चाहते किसी भी तरह से पंजाब को तकसीम किया जाये। लेकिन जहां तक जबान का ताल्लुक है यह बरदाश्त नहीं किया जा सकता कि पंजाबी को किसी तरह से भी ठेस लगे। अगर पंजाब को जबान की बिना पर ही तकसीम होना है तो कोई ताकत नहीं है जो कि उस की तकसीम को रोक सकती है। हम चाहे इस हाउस में कुछ कहें, इस हाउस के बाहर हम चाहे कुछ कहें, जितने यत्न चाहे हम करें, पंजाब उस वक्त तक एक नहीं रह सकेगा जब कि पंजाबी को पूरी सहूलियतें नहीं मिलती हैं।

मैं यह कहना चाहता हूं, साहबे सदर, कि सच्चर फार्मूला के फेल होने का कारण अफसरों की फ़िरकापरस्ती है।

Shri Nand Lal Sharma: On a point of order, Sir. Is the hon. Member suggesting a two-nation theory in the Punjab?

Mr. Chairman: The hon. Member has a right to say anything that he likes. Why does he interrupt the hon. Member now? He will have a similar right to speak later.

सरदार इकबाल सिंह : साहबे सदर, मैं यह कह रहा था कि जो सच्चर फार्मूला था वह अफसरों की फिरकापरस्ती के कारण फेल हुआ। यह मेरी अपनी राय नहीं है। यह जो सूबा कांग्रेस कमेटी है उस की राय है। अगर यही पालिसी वहां पर बरती गई तो मैं कहना चाहता हूं कि यही पालिसी नये पंजाब पर बरती जायेगी। फिर तो फिरकापरस्ती दिन-ब-दिन जोर पकड़ेगी, कम नहीं होगी।

इसलिए आखिर में मैं यही निवेदन करता हूं कि कोई भी सूबा बने, कैसा भी सूबा बने लेकिन उस की जबान पंजाबी हो जो इलाके पंजाब के साथ रहना नहीं चाहते वह अलहदा हो जायें जो इलाके पंजाब में आना चाहते हैं, हम उनको वैलकम करते हैं, अगर हिमाचल वाले जाना चाहते हैं तो चले जायें, हरियाना वाले जाना चाहते हैं, चले जायें, हम किसी को जबरदस्ती साथ रखना नहीं चाहते, पंजाब की जो जबान होगी वह पंजाबी ही होगी और कोई दूसरी जबान नहीं होनी चाहिये। जब तक आप पंजाबी को महान दर्जा नहीं देंगे उस वक्त तक हिन्दुस्तान के और पंजाब के मसले हल नहीं हो सकते।

जब हर एक पंजाबी पढ़ने के लिए तैयार हो जाए, हर एक पंजाबी हिन्दी पढ़ने के लिए तैयार हो जाये, तब जो छोटी छोटी बातें हैं वह आसानी से तय हो सकती है। यह पंजाब के ही हित में है कि वहां की जो रीजनल लैंगुएज हो वह पंजाबी हो और हिन्दी भी चले और दोनों जबानें साथ साथ चलें। वहां की जो फिरकापरस्ती है वह हमारे देश को तबाह कर देगी। मैं समझता हूं जो हल एस० आर० सी० ने तजवीज किया है वह सही हल नहीं है। इसके बजाय जो इलाके पंजाब में शामिल होना नहीं चाहते वह न हों और जो रहना चाहते हैं वह रहें और इस तरह से एक सूबा बनाया जाए और उस की जबान पंजाबी हो और इसी जबान की ही रीजनल लगुएज तसलीम किया जाए। इस को डिवेलेप होने का पूरा मौका मिलना चाहिए और इसी दिशा में हमारी कोशिश भी होनी चाहिए। पंजाबी सरकारी दर्जा हासिल करें और जब ऐसा होगा तभी पंजाब का मसला हल हो सकता है।

Mr. Chairman: Shri Nand Lal Sharma.

Shri Nand Lal Sharma *rose—*

Shri M. L. Dwivedi *rose—*

Pandit K. C. Sharma (Meerut Distt. South) *rose—*

Mr. Chairman: I have called Shri Nand Lal Sharma. How can I call three hon. Members simultaneously? If the other hon. Members continue standing, am I to understand....

Shri M. L. Dwivedi: I did not hear you, Sir.

An Hon. Member: Pandit Sharma thought that he was the Sharma called by you.

श्री नन्द लाल शर्मा :

धर्मेण शासिते राष्ट्रे न चबाधा प्रवर्तते।
नाऽधयो व्याधयश्चवै रामे राज्यं प्रशासिति।

माननीय सभापति महोदय, मैं आपको विशेषकर धर्मासन के ऊपर विराजमान होने के कारण बधाई देता हूं और अपनी भारत माता को भी बधाई देता हूं जिस के भाग्य में लगभग डेढ़ हजार वर्ष बाद आज हम लोगों को अखिल भारतीय रूप में अपने राष्ट्र के संगठित रूप धारण करने की इच्छा पर बोलने का अवसर मिला। आज का जमाना कांति के विचारों की उड़ान का जमाना

नहीं है । वास्तविकता आपके सामने आ गई है । यद्यपि इस भवन के निर्माण और ईंटें जो इसकी नींव में रखी जा चुकी हैं, लाखों का बलिदान चाहे पूर्व में और चाहे पश्चिम में हो गया है, उन के सम्बन्ध में यदि दो शब्द इस रिपोर्ट में आ जाते या किसी माननीय सदस्य के मुख से निकल आते तो बहुत ही उचित रहता । इस का मुझे थोड़ा बहुत खेद अवश्य है । भारत माता की दाईं बाईं भुजायें कटी हुई हैं, शरीर काश्मीर भी अभी जख्मी है लेकिन फिर भी दूसरे हिस्से हैं जिनका कि हम यदि अच्छी तरह से प्रबन्ध कर लें अपने देश के हित में, अपने देश के कल्याण के लिए, तो वह भी सौभाग्य की बात होगी ।

सभापति महोदय, राजस्थान की ओर से तो मुझे इस आयोग की रिपोर्ट का स्वागत ही करना चाहिए । मैं यह समझता हूं कि आबू अजमेर को दान कर के श्री दातार साहब ने विशेष ध्यान दिया है, वे दातार हैं, दाता हैं । एको वै दाता त्रयस्ते तु दातार । तीन मूर्तियों का उन में समावेश है इसलिए हमारे सामने तीन मूर्ति बन कर श्री दातार बैठे हैं । मैं यह समझता हूं कि इसके साथ ही साथ थोड़ा बहुत मंडसूर के प्रदेश का झगड़ा बच रहा है । मुझे मंडसूर के प्रतिनिधि स्वयं श्री त्रिवेदी, कह चुके हैं और राजस्थान की किसी प्रदेश के ऊपर बार बार क्लेम करने की भावना इसलिए नहीं रही क्योंकि वह चाहता है कि किसी क्षेत्र के स्वरूप को नाश करना उसका दृष्टिकोण नहीं होना चाहिए । यदि हम को यह मालूम होता कि मध्य भारत की जनता की इच्छाओं के विरुद्ध उस को विलय कर दिया जाएगा तो मध्य भारत का राजस्थान हजार बार स्वागत करता और चाहता कि उनकी परम्पराओं के अनुसार मध्य भारत को राजस्थान के साथ मिला दिया जाए । जो प्रदेश बहुत दूर का है वह दूसरे क्षेत्र में जा सकता था । मैं निवेदन करता हूं कि इस में भी मुझे एक दुर्गन्ध सी आ रही है और वह दुर्गन्ध यह है कि भाषावार साम्प्रदायिकता चल पड़ी है । मैं साम्प्रदायिकता का अर्थ धर्म के आधार पर लेता हूं न कि इंग्लिश में जो इसका ट्रान्स्लेशन है कम्युनलिज्म का, उस आधार पर । तुल्यं साम्प्रदायकम् मीमांसा सूत्र है । साम्प्रदायिक शब्द जो है यह लौकिक, अथवा पार-लौकिक अथवा पारमार्थिक विद्या की प्राप्ति के लिए गुरु परम्परा से प्राप्ति जो है वही साम्प्रदायिकता है ।

6 P.M.

मैं जीवित रहूं और बाकी सब समाप्त हो जायें, यह भावना कम्युनलिज्म में हो सकती है, लेकिन सम्प्रदायवाद में नहीं है । उस के लिए हिन्दी भाषा में कोई दूसरा शब्द नहीं है । मैं यह निवेदन करना चाहता हूं कि भाषा के आधार पर जो सम्प्रदायवाद प्रारम्भ हुआ है, वह आगे चल कर इतनी भयंकर अग्नि लगा देगा कि हम लोगों को बहुत हानि होगी । आज हम उस बात को देखते नहीं हैं । सरदार इकबाल सिंह ने जो शब्द कहे थे, स्पष्ट रूप से उन का यही अर्थ निकलता है कि आज नहीं, तो कल, किसी भी समय पंजाब को हिन्दी और गुरुमुखी के आधार पर बांटना पड़ेगा अर्थात् पंजाब के दो टुकड़े हुए बिना नहीं रह सकते । इस विषय में सर्वप्रथम मैं स्पष्ट रूप से यह कहना चाहता हूं कि सिख धर्म का अनुयायी मैं भी हूं । सिख धर्म के विरुद्ध हमारे मन में कोई भावना आ ही नहीं सकती है । हमने बाल्यकाल से सिख धर्म के ग्रन्थों का अध्ययन किया है । मेरा यह विश्वास है कि ब्रिटिश गवर्नमेंट ने अपनी डिवाइड एंड रूल की पालिसी के अनुसार जैसे दक्षिण में ब्राह्मण और नान-ब्राह्मण का प्रश्न खड़ा किया, वैसे ही उस ने सिख और हिन्दू को अलग करने का प्रयत्न किया । महाराजा रणजीतसिंह के जमरलों द्वारा विश्वनाथ मन्दिर पर स्वर्ण-कलश चढ़ाया गया और सियालकोट में शंकर के मन्दिर का निर्माण किया गया । हम हिन्दू दसों गुरुओं के आगे सिर झुकाते हैं और नित्य अपने घरों में गुरु ग्रन्थ साहब, सुख-

[श्री नन्द लाल शर्मा]

मणि साहब, जपजी साहब और आनन्द साहब का पाठ करते हैं । मैं कह सकता हूं कि विशेषकर दशमेश भगवान के ग्रन्थ के अर्थ बड़े बड़े सिख नहीं लगा सकते हैं, जितना कि हम लोग लगा सकते हैं । कारण यह है कि उसके भाषा सौष्ठव को समझना एक बात है और उस की भावना को किंचित मात्र भी ग्रहण न कर के उस के नाम पर मिथ्या और भ्रामक प्रचार करते हुए राष्ट्र को एक प्रकार की धमकी देना दूसरी बात है । दोनों में बहुत अन्तर है । मैं सरकार से नम्र निवेदन करूंगा कि उसे इस प्रकार की धमकियों की ओर ध्यान नहीं देना चाहिए —चाहे वे धमकियां किसी कांग्रेसी सदस्य की ओर से अथवा किसी अन्य सदस्य की ओर से, और उस को स्थिति के प्रति जागरूक होना चाहिए । अगर इस समय उस ने अपने घुटने कमजोर कर दिए, तो वह कभी भी, कहीं भी ठहरने में समर्थ न हो सकेगी । परिणाम यह होगा कि हर एक आदमी किसी भी समय खड़ा हो कर आत्म-निर्णय के अधिकार—सैल्फ डेटरमिनेशन के प्रिंसिपल—को दिखा कर जब चाहेगा लड़ाई कर के अपना भाग अलग बंटवा लेगा । मैं अनुभव करता हूं कि अगर आन्ध्र भाषा के नाम पर आन्ध्र प्रदेश की मांग को स्वीकार कर लिया जाता, तो वह बात समझ में आ सकती थी । लेकिन जिस समय आग लग गई, दफ्तर लूटे जाने लगे और हाहाकार मच गया, उस समय उस को स्वीकार किया गया । उस के बाद हर एक के मन में यह बात समा गई कि जो कानून को तोड़ता जायगा, नियमों का और संविधान का उल्लंघन करता जायगा' उस के सामने सरकार झुकती जायगी । यदि यह भावना बल पकड़ गई, तो मैं समझता हूं कि हम लोग इस समय जान नहीं सकते कि इससे कितना अनर्थ होने वाला है ।

एक माननीय सदस्य : अगर आप के हाथ में शक्ति होती, तो आप भी यही करते ।

श्री नंदलाल शर्मा : मैं तो यह चाहता हूं कि जिन लोगों के हाथ में इस समय सरकार की बागडोर है, उन का हाथ मजबूत हो । मैं यह चेतावनी इसलिए दे रहा हूं, क्योंकि अगर वे गलत रास्ते पर जायेंगे, तो उसकी हानि हम लोगों को होगी । सम्भव है कि कांग्रेस से हमारे मतभेद हों, परन्तु हम यह भी समझते हैं कि जिस के हाथ में सरकार है, उससे शत्रुता करने से हमारी क्या दशा होगी और किसी दूसरी पार्टी की क्या दशा होगी । हमारा किसी अन्य देश से सम्बन्ध नहीं है और न ही हमारी कोई टेरीटोरियल एस्पीरेशन ही है । हमारी एस्पीरेशन स्पष्ट रूप से यह है कि हमारी सरकार में जो भी थोड़ी बहुत त्रुटियां हैं या भिन्न प्रकार की पद्धति है अगर वे ठीक हो जायें, तो उन का स्थान बलिष्ठ होगा और साथ ही भारत का स्थान भी बलिष्ठ होगा ।

सभापति महोदय, मेरा निवेदन यह है कि यदि भाषावार प्रान्तों के सिद्धान्त को माना ही गया है, तो फिर महाराष्ट्र ने क्या दोष किया है, जो उन को अपने अधिकार से वंचित किया जा रहा है ? जब इस बात को स्वीकार किया गया है कि दे आर ए विराइल एंड पेट्रियाटिक पीपुल, तो क्या विदर्भ को काट कर आठ जिलों के देने से ही महाराष्ट्र को शान्ति हो जायगी ? क्या महाराष्ट्र का घर केवल विदर्भ तक ही है, उस के आगे नहीं है ? अगर यह भावना है कि दूसरी भाषा वालों को किसी प्रकार का डर नहीं होना चाहिए, तो हमें स्मरण रखना चाहिए कि अगर मराठा के घर में शत्रु की लड़की आई, तो उस की रक्षा करके उस को वापिस पहुंचा दिया गया । मैं स्वयं मराठा नहीं हूं, परन्तु मुझे इस बात का विश्वास है कि मराठों के हाथ से राष्ट्र का आहत कदापि नहीं हो सकता है । और फिर हम तो और भी ऊपर जाने वाले हैं—केवल राष्ट्र मात्र तक ही ठहरने वाले नहीं हैं ।

स्वस्ति सामाज्यं वैराज्य पारमैष्ठ्यराज्यं
महाराज्यमाधियस्य मयं समन्तपर्यायी स्यात्
सार्वभौम ।
सार्वायुष आन्तादापराधीन् समुद्रपर्यन्ताया
एकराजिनि ।

महाराष्ट्र के दो विभाग नहीं होने चाहिएं। विदर्भ को शेष महाराष्ट्र के साथ मिला कर मराठों को जीवित रहने का अवसर दीजिये। देश की सेवा करने में मराठा कभी पीछे नहीं हटेगा । यद्यपि विशालांध्र के लिए हमारे प्रधान मंत्री महोदय ने संकेत कर दिया है और मैं उस का स्वागत करता हूं, परन्तु तेलंगाना को और शेष आंध्र को अलग नहीं रखा जा सकता है— उन लोगों को अलग रखना आन्ध्र के साथ अन्याय करना होगा ।

आर्थिक निर्भरता, क्षेत्रफल, जनता की भावना, इतिहास—इन आधारों क ऊपर राज्यों का पुनर्गठन किया गया है । परन्तु बहुत से स्थानों पर जनता की भावनाओं को नहीं देखा गया है। अभी यहां पर बैठे बैठे चार बजे के बाद मेरे पास विन्ध्य प्रदेश से टेलिग्राम आया है, जिसमें लिखा है कि मैं पंद्रह दिन से केन्द्रीय कारावास रीवा में बिना जलग्रहण अनशन किए हुए हूं । जेल मैनुअल के विरुद्ध मेरे साथ बहुत अत्याचार हुए हैं, परन्तु उन के विरुद्ध कोई आवाज उठाने वाला नहीं है । मैं ने कइयों को सूचना दी है, इत्यादि । नाम है डा० राम कुमार शास्त्री। मैं यह कहना चाहता हूं कि जनता की भावना को जागृत करने की आवश्यकता है । जनता में यह भावना नहीं होनी चाहिए कि मैं दूसरा हूं और वह दूसरा है।

जहां तक पंजाब का प्रश्न है, मैं कहना चाहता हूं कि महापंजाब की मांग करने से पहले पंजाब का प्रश्न तो उठा लो । पंजाबी से पंजाब नहीं बना है बल्कि पंजाब से पंजाबी बना है । कम से कम रबरछन्द डेफ़ीनीशन्ज नहीं बनाई जानी चाहिए । पंचाम्बु—पंचनद से पंजाब बना है—वितस्ता से लेकर शतद्रु तक की पांच नदियोंसे पंजाब बना है पाकिस्तान ने रावी के उधर का भाग काट लिया है, परन्तु पंजाबी सूबे की मांग करने वालों में हिम्मत होती तो वे कहते कि मेरा पंजाब तो रावी के पार भी है, उधर भी मेरे भाई हैं, हम उन को भी मिला कर अपना पंजाब बनायेंगे—और महापंजाब वाले कहते हैं कि फ्रन्टियर तक हमारा प्रदेश है ।

दिल्ली में आकर बहुत से पंजाबी शरणार्थी बसे हैं, वह भी पंजाबी बोलते हैं, और वे ५० परसेंट से ऊपर हैं इसलिए इसको भी पंजाब में शामिल किया जाये । यह तो होता महापंजाब और वह होता पंजाब सूबा । यह तो मेरी समझ में आ सकता था । किन्तु आज जनता के सामने भाषा की साम्प्रदायिकता को खड़ा किया जा रहा है । इसके फलस्वरूप जिस समय लोग रोयेंगे तो नेता लोग भी कहीं दुबक कर रोयेंगे । प्रजा के अन्दर शत्रुता की भावना पैदा करना कोई अच्छी बात नहीं है । मेरी भाषा पंजाबी है। मैं घर में पंजाबी बोलता हूं, मेरे बन्धु पंजाबी भाषा बोलते हैं। मैं ने गुरुमुखी पढ़ी है लेकिन हम घर में कभी गुरुमुखी नहीं लिखते। हमारी पंजाबी भाषा हिन्दी लिपि में लिखी जाती है । मुझे अपने छुटपन की याद है कि जब भी पत्र इधर उधर आते जाते थे तो वे पंजाबी भाषा में परन्तु हिन्दी लिपि में लिख जाते थे। अब गुरुमुखी का प्रश्न सामने आया है । यह प्रश्न कब से उठा है ? यह प्रश्न सन् १६२१ से उठा है जब से कि ब्रिटिश गवर्नमेंट ने हिन्दू और अकाली प्रश्न खड़ा किया था । उस जमाने में हिन्दुओं के घर में गुरु ग्रन्थ साहब रखे जाते थे। हिन्दुओं ने बहुत सी धर्मशालायें बनवायीं । उस वक्त तक गुरुद्वारा शब्द नहीं निकला था। यह शब्द तो गुरुद्वारा ऐक्ट बनने के बाद निकला है। गुरुद्वारा ऐक्ट बनने के बाद सिखों को गुरुद्वारों की प्रापर्टीज मिलने लगीं और जहां गुरु ग्रन्थ साहब रखे होते थे उस प्रापर्टी को सिखों की प्रापर्टी समझा जाता था । मुझे बहुत दुःख होता है कि इसके फलस्वरूप लोगों ने गुरु ग्रन्थ

[श्री नन्द लाल शर्मा]
साहब को फाड़ फाड़ कर फेंक दिया ताकि अगर कोई देखने आवे तो उसको गुरु ग्रन्थ साहब न मिले और यह कहा जा सके कि यह तो हमारा घर है, गुरुद्वारा नहीं है।

मैं गुरु ग्रन्थ साहब के प्रति बहुत श्रद्धा और भक्ति रखता हूं। मेरा विश्वास है कि यह जो पालीटिकल सिख और पालीटिकल हिन्दू को खड़ा किया गया है ये दोनों के दोनों हिन्दू और सिख भावनाओं को नष्ट करने वाले होंगे। अगर इस भावना को निकाल कर शुद्ध हिन्दू और शुद्ध सिख धर्म की भावना को रखेंगे तो आपको कहीं भी फर्क नहीं मिलेगा। मैं तो कहूंगा कि अपने धर्म शास्त्र को मानने वाला हिन्दू और अपने धर्म को मानने वाला ईमानदार मुसलमान कभी भी आपस में एक दूसरे के शत्रु नहीं हो सकत। ये तो बेईमान हिन्दू और बेईमान मुसलमान हैं, जो कि न हिन्दू धर्म को मानते हैं और न मुसलमान धर्म को मानते हैं, जो कि आपस में लड़ते हैं। इसका कारण यह है कि जो अपने घर का नहीं हुआ वह पड़ौसी का कैसे बन सकेगा। इसलिए मैं आपसे निवेदन करूंगा कि आपको उन लोगों से भय नहीं होना चाहिए जो कि गुरु नानक के चरणों में सिर झुकाते हैं और गुरु गोविन्द सिंह के चरणों में सिर झुकाते है। आप कहते हैं कि पंजाबी को भाषा बना दिया जाये। मैं पूछता हूं कि भाषा को कौन बना सकता है। किसी की मातृभाषा को पहचानने का एक तरीका है। वह यह है कि जब कोई गहरी नींद में सोता हो तो उस के मुख पर एक तमाचा ठोक दिया जाय, और जिस भाषा में उसकी पहली आवाज़ निकले उसी को उस की मातृभाषा समझा जाये। तो मातृभाषा के लिए कौन मना कर सकता है। किन्तु प्रश्न तो लिपि का है। हम उन लोगों पर किसी लिपि को नहीं थोपना चाहते जिनकी संख्या ७२ परसेंट है। अगर ऐसा किया गया तो मैं समझता हूं कि उनके साथ अन्याय होगा। इसलिए मैं नहीं चाहता कि हमारे सिख बन्धुओं के साथ कोई अन्याय हो। मैं ईश्वर को साक्षी दे कर कहता हूं, मैं तो ईश्वर को मानता हूं चाहे और कोई माने या न माने, कि सिख गुरुओं ने शिखा और सूत्र की रक्षा की और ऐसा करने में उन्होंने अपने सर्वस्व का बलिदान किया। अगर हमारे सिख भाई आज चाहें तो हम उनके त्याग और बलिदान का बदला चुका सकते हैं और मैं समझता हूं कि इस कर्ज़ को चुकाने के लिए न सिर्फ पंजाब के बल्कि अन्य प्रदेशों के भी हिन्दू युवक तैयार हो जायेंगे और कहेंगे कि हमारा मस्तक प्रस्तुत है इसको ले लो। लेकिन मैं प्रार्थना करूंगा कि हमारे सिख भाई उस त्याग और तपस्या को राष्ट्र के हित के विरुद्ध प्रयोग में न लावें। चाहे आज हम इस हानि को न समझें लेकिन कल हम भी बैठ कर रोयेंगे और आप भी बैठ कर रोयेंगे। अभी तो आपको इस हानि का पता नहीं चलेगा। अगर आपने पंजाब से अपना घर त्यागा तो आपके दूसरे बन्धुओं ने भी अपना घर आपके साथ त्यागा जिनको आप मोना कहते हैं। ये भी सिख धर्म पर विश्वास रखने वाले थे। इसलिए मैं निवेदन करता हूं कि इस साम्प्रदायिकता को निकाल दिया जाये।

साथ साथ मैं एक शब्द और कहूंगा। यदि विन्ध्य प्रदेश का विलय स्वीकार किया गया तो वहां वालों के लिए राजधानी, जो कि भोपाल होगी, ५०० और ८०० मील दूर पड़ेगी। इसीलिए वहां से उत्तर प्रदेश के साथ मिलने की आवाज़ आती है क्योंकि उत्तर प्रदेश में मिलने पर उनके लिए राजधानी, लखनऊ या इलाहाबाद दो चार घंटे के रास्ते पर होगी। इतना होते हुए भी मैं समझता हूं कि विंध्य प्रदेश की अधिकांश जनता उत्तर प्रदेश में मिलने के पक्ष में नहीं है। मैं समझता हूं कि वहां की जनता को यह निर्णय करने के लिए कुछ समय दिया जाये और वहां पर जनमत को जागृत किया जाये ऐसा करने में चाहे कमिशन की रिपोर्ट को कार्यान्वित करने में कुछ अधिक समय भी लग

जाय तो लगाया जाये और इस बीच में वहां जनमत को जाग्रत कर के साम्प्रदायिकता को दूर किया जाय ताकि जनता कमीशन के निर्णय का स्वागत करे। मैं समझता हूं कि ऐसा करने में राष्ट्र का भी भला होगा और हमारा भी भला होगा।

इन शब्दों के साथ मैं उन महानुभावों को जिन्होंने इस आयोग में अपनी पूर्ण शक्ति प्रदान की है और सरकार को दोनों को धन्यवा और बधाई देता हूं और फिर निवेदन करता हूं, कि इन भावनाओं का ध्यान रखें। इसी के साथ मैं यह कहना चाहता हूं कि जो छोटे छोटे कमजोर प्रदेश हैं, जैसे कि हिमाचल प्रदेश है कांगड़ा है, हरियाना है, ये प्रदेश शक्ति कम होने के कारण अलग रहने के लिए हल्ला मचा रहे हैं। इन के आगे और कोई प्रश्न नहीं है। मैं समझता हूं कि सर छोटूराम ने जो कि हरियाना के थे, पंजाब के लिए ऐसा कार्य किया है कि कोई क्या करेगा। इस पर भी हरियाना वाले दिल्ली प्रान्त में मिलने की बात करते हैं। अगर दिल्ली का अलग प्रान्त न बना तो वे कहां जायेंगे? ऐसी अवस्था में यह आवश्यक है कि उनको अपनी आर्थिक उन्नति करने का पूर्ण अवसर प्रदान किया जाये। साथ ही मैं नेताओं से भी प्रार्थना करूंगा कि व सद्भावना के विचारों को बढ़ावें और भेदभाव के विचारों को छोड़ दें। यह निश्चित है कि हिन्दू और सिख अलग अलग नहीं हैं। हमारे ६ गुरु केशधारी नहीं थे। केवल दशवें गुरु ने ही केश धारण किये हैं। आप मुझे क्षमा करेंगे यदि मैं यह कहूं कि उन्होंने हमारी शिखा की रक्षा करने के लिए ही केश धारण किये और सारे सिर पर शिखा धारण कर ली। इसीलिए मुझे उन के प्रति श्रद्धा और भक्ति है। मुझे अपने केशधारी भाईयों स उतना ही प्रेम हैं जितना शिखाधारी भाइ यों के साथ ह। इसलिए मैं आप के जरिये प्रार्थना करूंगा कि वह भ्रातृत्व की भावना की रख कर आपस के मतभेद को हटा दें।

Shri Gidwani (Thana): I am opposed to the recommendation of the S.R.C. regarding the Bombay State. I am also not in favour of the 'three-State formula" proposed by the Congress Working Committee.

As my time is very short I will briefly go into the history. I am a humble Congress worker and I attended the first session of the Congress in 1916. Then our Bombay Province was one administrative unit and we had also the Bombay Provincial Congress Committee as one Congress Committee. Under the old constitution of the Congress the members of the Subjects Committee used to be elected by the delegates present at the Congress. So, when we went to the Lucknow session of the Congress all the delegates—Sindhis, Gujarathis, Marathis, Kannadigas—met together under the chairmanship of Lokmanya Tilak. In the meeting of the delegates two lists of members for the subjects committee were proposed. In one list was Mahatma Gandhi's name, but that list was supposed to be supported by moderates of those days. So, some of us voted against Gandhiji being elected to the subjects committee. According to us, the majority of delegates did not vote for Gandhiji, yet Lokamanya Tilak declared that Mahatma Gandhi was elected to the subjects committee. This is only by way of information. After that, what happened in 1916 continued, till 1920. It was in 1920 that Congress came under Gandhiji's leadership and what were known as Congress provinces were formed on the linguistic basis. It was then that the Gujarat Provincial Congress Committee was separately formed and a Maharashtra Congress Committee was also separately formed. Till this day, that is continuing.

I may also refer to the fact that when Sind was separated from Bombay in 1935, I opposed it. I opposed it on the ground that it was not being done on any administrative ground. You know then that in the Central Assembly, Mr. Jinnah and Shri Srinivasa Ayyangar wanted to come to

[Shri Gidwani]

some kind of agreement for settling the communal problem. One of the demands of Mr. Jinnah was that Sind should be separated not on administrative grounds but he wanted a "hostage" province where Muslims were in majority. I was then the President of the Sind Congress and I said, "why separate Sind on that ground?" To say that a person or a particular community wants a 'hostage' province is something which cannot be understood, nor tolerated nor agreed to. In short, I went on agitating against it till the Congress session was held in Madras, where even Maulana Mohammedali and Pandit Madan Mohan Malaviya came to an agreement on this issue. I still resisted. Of course Sind was separated and that was the seed for Pakistan. I need not go into the history of these matters. Later on Orissa came in as a separate province. I have read the States Reorganisation Commission's Report carefully. I do not find in their recommendations any State being formed as a bilingual State—except Bombay State. I am also surprised to find that while new States are being created on a unilingual basis such as Vidarbha, Karnataka, Kerala, etc., Bombay has been recommended as a bilingual State. I really cannot understand why it is so. The only argument that is being advanced is that Bombay city is a consmopolitan city and cannot be merged with any unilingual State. The first thing is that all the Maharashtrian people including those living in Vidarbha should have been brought together. The Working Committee of the Congress is rectifying that mistake. But the proper and the only course should have been for the Commission to recommend that the Marathi-speaking population including the people of Vidarbha, should have been joined together in one State.

The second question is, why has not Bombay city been made the capital of Samyukta Maharashtra? It is a part of Maharashtra. This has been recognised by everybody. Even yesterday the Prime Minister has made the following observations in his very good speech and a very persuasive speech. Mr. Nehru said he had heard arguments advanced on the part of Maharashtrians and others in Bombay. He had no doubt at all that the arguments advanced on the part of Maharashtrians had great force. But, unfortunately, there was force in the other arguments too. He further said:

> "I do not want to force my opinion down their throats, more especially the Maharashtrians who have played such a vital part in India's history and have to play in the future of India".

It is being said that Bombay city being a cosmopolitan city cannot form part of a unilingual State and that the majority of the population of the Bombay city is not in its favour. We know that the Marathi-speaking people in Bombay city constitute about 45 per cent. of the total population. Beside that, the Report has also admitted that even Muslims belonging to Maharashtra have declared that they speak urdu language. The leader of the Opposition in the Bombay Corporation, Mr. Mohiuddin Harris, is a Muslim. He belongs to Maharashtra. He is editing an Urdu paper in Bombay city. What about Dr. Johan Mathai, the former Finance Minister in the Government of India. He is a Christian. He said, in an interview, the following:

> "The best solution was the MPCC alternative of a composite State comprising all the Gujarati and Marathi-speaking areas, including Bombay City and Vidarbha. These areas will constitute a State not merely of vast but of balanced and nuturally complementary resources and inhabited by two peoples who, whatever their feelings towards each other might be for the moment, are sufficiently practical-minded to know how to close their differences in face of common responsibilities.

A powerful State covering important strategic areas, resting on the economy in which industrial and agricultural resources are well-balanced and run jointly by some of the most gifted peoples in India is a prospect that ought to make a strong appeal".

Then there are the Marwaris. Shri Govindlal Shivlal was here for a number of days. He presided over two Maharashtra conferences in Bombay. He is a Marwari, what about him and other Marwaris.

I was reading the proceedings of the Bombay Legislative Council where Shri D. B. Agarwal a Member in Council has said:

"As the hon. Member Dr. Khair pointed out, just as the Portuguese say that Goa does not belong to India you cannot say that the City of Bombay does not belong to Maharashtra. This is the age of socialism. Socialism is the creed of the age. The City of Bombay is full of Maharastrian labour. I feel that ultimately labour will triumph over capital. If the City of Bombay is not separated from Maharashtra and if the industrialists had chosen to live with labour, they would have had a peaceful time. But if the City of Bombay is separated, I am sure that they will not have a peaceful time not only for five or ten years but for many years to come."

Now, I want to draw your attention to what he further said:

"The Rajasthani capitalists have shown great farshightedness and they are for Samyuktha Maharashtra with Bombay City as capital because they know that it is better to carry on peacefully with labour. I must say that our Gujarati friends have failed here."

That is his view.

Then there is Shri Bharucha an independent member of the Bombay State Legislative Assembly. He was demanding Samyukta Maharashtra. He has done so in the Bombay State Assembly. He is one of the great supporters of the Samyukta Maharashtra movement. He is a Parsi.

I have also received a copy of a statement issued by the professors of Bombay which has been signed by about 56 professors of various colleges. In that list I find the names of Messrs M. Demello, P. B. Desai, F. D'Souza and S. S. Hoskot, and there are also two Sindhis—Messrs N. J. Hingorani and V. V. Hingorani. There was also a statement presented to the Prime Minister which was signed by 250 advocates of Bombay, who belonged to all communities in Bombay, apart from the Maharastrians.

Now, talking of myself, though I am a Sindhi, you might say that I am the adopted child of Maharashtra, because Maharashtra returned me to this House in the last elections. A Sindhi nominated member of the Rajya Sabha challenged my representative character on this issue of Samyukta Maharashtra. I have purposely avoided to involve displaced persons in this controversy. But I may bring this fact to your notice, that the biggest camp in the whole of India for the displaced persons is in Maharashtra and it is called Ulhasnagar. There are nearly one lakh of people living in that camp and the Ulhasnagar Congress Committee which consists of ex-Congressmen of Sind have passed a unanimous resolution supporting the formation of Samyukta Maharashtra with Bombay City as its capital. It is being further alleged that the minorities living in Bombay City do not trust the majority community and they are afraid that they will not get fairplay or justice from the Maharashtrians. I am surprised at this funny charge or allegation made against the Maharashtrians. After all, there are so many industrial and commerical cities in other States as well. You have got Calcutta, Madras, Bangalore, Delhi, Lucknow, Cochin and so on. In all those big cities, there are a substantial number of people not belonging to those particular states. So, that is not a ground for denying the people of Maharashtra only the right of having Bombay City as their capital. On the

[Shri Gidwani]

contrary, the facts are that Maharashtrians are not industrialists. They are not commercial men yet. There are only two firms that I know of in the whole of Bombay State which belong to Maharashtrians; one is the firm of Kirloskars and the other is that of Dhanukan. The others are all managed by non-Maharashtrians. Similarly, the non-Maharashtrians are traders and commercial men all over Maharashtra. Therefore, there should be no fear on that score at all. Regarding my personal experience—if that experience can be of any use to the House, I say that—the Maharashtrians are the most liberal, the most catholic and the most fair-minded people. Take my own case. I was living in Delhi; the headquarters of the All India Refugees Association were in Delhi. I had no intention of contesting from Maharashtra. I was thinking of contesting for a seat in Delhi, because there are a large number of displaced persons here. A friend wrote to me that the Socialist Party—it is dissolved now—wanted to put up a candidate for the Parliamentary seat in Thana district and asked me whether I would stand. I went there and I agreed to stand for the election. I am not going into the details, because I have very limited time. I stood against a Congress Minister. You will be surprised to know that out of the 14 candidates for the Bombay State Assembly there was only one Sindhi candidate from Ulhasnagar and the other 13 were Maharashtrians. It was a double-member constituency with a population of 14 lakhs, and 8 lakhs voters. Out of the 14 lakhs only 1 lakh population was Sindhi and out of seven to eight lakhs voters there were probably not more than 30 to 40 thousand voters who were Sindhis. The rest were all Maharashtrians. I did not know the language of Maharashtra and I spoke in very simple Hindi. On one occasion when I was speaking in Hindi, in a meeting one person from the audience asked "What person have you chosen as your candidate? He does not know your language." You will be surprised to know that he was hooted down. I am reminded of what happened in Sind some years ago. In Sind we had two main communities among the Hindus, called *Amils*, who carried on the administartion and the other called *Bhaibands* were traders and merchants. My friend Mr. Jairamdas, who is now Governor of Assam, stood for a seat for the Bombay Legislative Council. As he belonged to the *Amil* Community and his opponent belonged to *Bhaiband* Community, the issue of Amil versus Bhaiband was raised and the voters majority of whom were *Bhaibands* were asked not to vote for an *Amil*. Though Shri Jairamdas succeeded but it was with a very narrow majority. But the Maharashtrians showed a great sense of generosity, catholicity and large-heartedness in my case, though I was not known to them. So, I urge that on grounds of justice and fairplay, either accept the first proposal of Samyukta Maharashtra with Bombay city as its capital; or, if you think that for Bombay city's sake Gujarat and Maharashtra should be put together, it can only happen when you bring all the Maharashtra people and the Gujarati people together with Bombay as their capital. If you are not going to do so, of course, I am not going to give any threat, but the things will not run smoothly. On this question all Maharashtrians, prominent men like Acharya Karve or Shri Jayakar, or Congressmen, Communists, Socialists or whether they belong to any party, they are all for Bombay being made capital of Maharashtra. Without Bombay city, Maharashtra cannot progress. You must realise the feeling of 3 crores of people; it is not a small community. The Commission says they are patriotic people; they are virile people and that they have made sacrifices. Even our Prime Minister yesterday has said that we want them to work for the prosperity of the country and play their part. It is this great community which produced Lokmanya Tilak who gave us

the mantra that swaraj was our birthright. Are you going to deny that community their birthright of Samyukta Maharashtra with Bombay City or a bi-lingual State as proposed by the M.P.C.C.?

**Written Statements of Members*

